



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 19 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 18 अक्टूबर 2025 डाक 19 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
श्री राजनाथ सिंह प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ डिफेंस एंड एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी के उद्घाटन के अवसर पर एक समूह तस्वीर में



**देश-विदेश**
प्रेसिडेंशियल रेफरेंस सुप्रीम इंतजार 21 नवंबर से पहले आ सकता है संविधान पीठ का फैसला



**फीचर पेज**
धनतेरस पर धन्वंतरि से होती है आरोग्य की प्राप्ति



### अमृतसर-सहरसा गरीब रथ ट्रेन में आग

## सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हादसा महिला झुलसी, तीन एसी कोच चपेट में आए



**साहिब (पंजाब)।** अमृतसर-सहरसा गरीब रथ (12204, बिहार जाने वाली) ट्रेन में अचानक आग लग गई। ट्रेन के 2-3 एसी डिब्बों में आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से एक महिला यात्री झुलस गई। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। चलती ट्रेन में आग की घटना फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हुई है। फतेहगढ़ साहिब के ब्राह्मणमाजरा के पास अचानक ट्रेन में आग लग गई। इस घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही नगर कौंसिल सरहिंद के दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार यह आग शॉर्ट सर्किट से लगी हुई बताई जा रही है। ट्रेन का एसी डिब्बा (जी19, 223125/सी) बुरी तरह प्रभावित हुआ, जबकि 2 अन्य डिब्बों को भी नुकसान पहुंचा। उन्हें ट्रेन के बाकी हिस्सों से अलग कर दिया गया। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, ट्रेन से सामान निकालते समय एक महिला झुलस गई है। उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब भेजा गया है। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, क्योंकि प्रभावित डिब्बे इलेक्ट्रिक पैनल वाले डिब्बे के बगल में थे। स्थिति नियंत्रण में है।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को शनिवार को हरी झंडी दिखाई। यह दिन न सिर्फ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बल्कि भारत के रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी नई ऊर्जा भी देगा। विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल की पहली खेप तैयार कर ली है। यह अत्याधुनिक इकाई 11 मई को उद्घाटन के बाद पूरी तरह संचालन में आई थी। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया देखी। इसी क्रम में ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रस्तुतीकरण भी होगा। इसके अलावा पौधरोपण कार्यक्रम पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान, महानिदेशक (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर जोशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और जीएसटी बिल सौंपा, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा।

ब्रह्मोस मिसाइलों के उत्पादन से उत्तर प्रदेश में उच्च कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। लखनऊ ब्रह्मोस इकाई उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारे का पहला ऐसा प्रतिष्ठान है, जहां मिसाइल प्रणाली के निर्माण से लेकर अंतिम परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया देश में ही की जाती है। यह परियोजना न सिर्फ रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रदेश में रोजगार, निवेश और तकनीकी नवाचार के नए अवसर भी सृजित कर रही है।

## गरियाबंद में पुलिस-सीआरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, नक्सलियों का डंप सामग्री बरामद



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मैनपुर थाना क्षेत्र के भालू डिग्गी जंगल में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में सामग्री बरामद की गई है। यह सामग्री प्रतिबंधित माओवादी संगठन एसडीके एरिया कमेटी द्वारा पुलिस और ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से डंप की गई थी। स्थानीय सूचना तंत्रों से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 अक्टूबर को संयुक्त अभियान शुरू किया। इस अभियान में कुल्हाड़ीघाट 65(एफ) बटालियन सीआरपीएफ, बिंद्रानवागढ़ 65(जी) बटालियन सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम शामिल थी। टीम ने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग किया। सघन तलाशी के दौरान पुलिस को मैगजीन पोच, मेडिकल टैबलेट, फोल्डिंग स्टूल, तिरपाल सहित नक्सलियों द्वारा उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री मिली। पुलिस के अनुसार, यह सामग्री नक्सलियों द्वारा क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देने और सुरक्षाबलों पर हमले की योजना बनाने के लिए जमा की गई थी। बरामद सामग्री से नक्सलियों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है। यह कार्रवाई नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है।

जिला पुलिस और सीआरपीएफ की इस संयुक्त कार्रवाई से न केवल नक्सलियों की योजनाओं को नाकाम किया गया, बल्कि ग्रामीणों में भी सुरक्षा की भावना को मजबूत किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी खुफिया सूचनाओं के आधार पर नक्सलियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षाबल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए हुए हैं और ग्रामीणों से सहयोग की अपील कर रहे हैं।

### निर्माणाधीन मकान गिरने से दो की मौत

**मेरठ।** थाना भावनपुर क्षेत्र के गांव मानपुर में शनिवार सुबह बड़ा



हादसा हो गया। यहाँ एक निर्माणाधीन मकान अचानक गिर गया। इस दुर्घटना में दबने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि मलबे में कई अन्य लोगों के दबे होने की सूचना है। स्थानीय प्रशासन और राहत बचाव दल मौके पर पहुंच गया है और मलबे को हटाने का काम तेजी से जारी है।

## भारत सरकार और बीसीसीआई, अफगानिस्तान से सीखें, शिवसेना यूबीटी नेता का केंद्र पर तंज

**मुंबई , 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**



शिवसेना यूबीटी की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सरकार और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को अफगानिस्तान से सीखने की सलाह दी है। प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि खेल के ऊपर देश को किस तरह से प्राथमिकता दी जाती है, ये बीसीसीआई और सरकार को अफगानिस्तान से सीखने की जरूरत है। शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि पाकिस्तानी शासन कायरों का समूह है, जो बेकसूर लोगों का खून बहाता है और सीमा पर पिट जाता है। उन पर लानत है।

ये देखकर अच्छा लगा कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट सीरीज नहीं खेलने का फैसला किया है। शायद बीसीसीआई और भारत सरकार को भी उनसे कुछ टिप्स लेने की जरूरत है कि किस तरह से खेल के ऊपर देश को रखा जाए। अफगानिस्तान के सीमाई प्रांत पक्तिका में पाकिस्तान द्वारा किए गए एक हवाई हमले में तीन अफगान क्रिकेटर्स समेत आठ लोगों की मौत हो गई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि ये खिलाड़ी उरगुन से पक्तिका प्रांत के शाराना में एक दोस्ताना मैच में हिस्सा लेने गए थे। वहां से लौटते समय पाकिस्तान के हमले में इनकी मौत हो गई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीनों खिलाड़ियों के नाम कबीर, सिबघतुल्लाह और हारून बताए और बताया कि हमले में पांच अन्य लोग भी मारे गए। एसीबी ने इसे पाकिस्तानी शासन द्वारा किया गया एक कायराना हमला बताया।

## बस की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, हादसे में तीन की मौत, कटर से काटकर निकाले गए शव



**बरेली।** भुता के बरहेपुर में देर रात तेज रफ्तार ईको और बस में भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि, 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को मृतकों को ईको वैन काटकर निकालना पड़ा। पुलिस के मुताबिक, देर रात पुलिस को सूचना मिली कि, भुता के बरहेपुर में एक इको और बस में टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो ईको में 12 सवारियां थी। जिसमें से 8 लोग गंभीर रूप से घायल थे। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों लोग ईको में आगे की तरफ बैठे थे। इसलिए बुरी तरह से फंस गए। पुलिस जब उन्हें नहीं निकाल पाई तो फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाना पड़ा टीम ने अपने विशेष उपकरणों से ईको को काटकर तीनों के शव को बाहर निकला।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

पंचम पुण्यतिथि

अवतरण
20 अप्रैल 1985



निर्वाण
18 अक्टूबर 2020

स्व. श्री नितेश कुमार अग्रवाल (मोनू)

अपितु आज आपका नश्वर शरीर हमारे बीच नहीं है, लेकिन आपकी दिव्य आत्मा सदैव हमारे दिलों में राज करती रहेगी। आपकी मुस्कान हमें सदैव समाज सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी और पीड़ित मानवता के जीवन में आशा जगाने आपकी ललक हमेशा हमारे हाथों जीवंत होती रहेगी।
आपका मृदुल व्यवहार, अनुशासित दिनचर्या, आदर्श जीवन शैली, कर्मठता, दृढ़ निष्ठा और किसी को भी अपना बना लेने का आकर्षक व्यक्तित्व सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा।
5 वर्ष पूर्व 18 अक्टूबर 2020 को आप सदा के लिए अनंत यात्रा पर चले गए, लेकिन आप हमारे मानस पटल पर चीर स्मरणीय बने रहेंगे।

पंचम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...

बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन। तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परंतप।

ॐ शांति — शोक संतप्त परिवार — ॐ शांति
राजवीर प्रसाद- श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल (ताऊ-ताई)
राजकुमार- श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल (पापा-मम्मी), भगवान दास- श्रीमती मंजू अग्रवाल (चाचा-चाची)
दिनेश, विकास, पंकज, आशीष, रवि, विपुल, सारांश, समर्थ, तनिष्क, लक्ष्य, गौरव, अर्जुन एवं समस्त अग्रवाल परिवार

फर्म :
सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कम्पनी प्रा.लि. कोरबा, सारांश गैस सर्विसेस कोरबा
आद्या फ्यूल्स एवं छत्तीसगढ़ फूड प्रोडक्ट्स राईस मिल, लखनपुर रोड सुतर्रा (कोरबा)
नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) मो.: 9826670261
सर्वमंगला मल्टी इन्फ्रा प्रा.लि.
मे. आर.बी. ट्रेडर्स, मे. छत्तीसगढ़ सेल्स कॉर्पोरेशन कोरबा (छ.ग.)

प्रेरणा : नितेश कहा करते थे - काम को जुनून बना लो... परिश्रम को हम सफर... श्रम की पूजा से ईश्वर भी मदद करता है...।




विशाल होंडा
पॉवर हाउस रोड, कोरबा मो. : 94790-25937, 99939-98122
मेन रोड जमनीपाली, मो. : 79879-73739, 72230-22701

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

### सुबह-सुबह भूकंप के झटकों से कांपी धरती

## भारत से लेकर पाकिस्तान तक लगे झटके

**नई दिल्ली।** भारत के असम में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। वहीं, पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी सुबह-सुबह धरती डोली है। रिएक्टल पैमाने पर असम में आए भूकंप की तीव्रता 2.7 मापी गई। वहीं पाकिस्तान में आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टल स्केल पर 3.5 मापी गई। हालांकि, दोनों ही जगहों पर किसी तरह के हताहत या नुकसान की खबर नहीं है।

## एक लाख का इनामी बदमाश नफीस एनकाउंटर में ढेर

**पाकिस्तान से नकली नोटों की तस्करी में शामिल था**

**शामली।** पाकिस्तान से नकली नोट की तस्करी कर पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आपूर्ति करने वाले एक लाख के इनामी बदमाश नफीस को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। आरोपित बदमाश के खिलाफ 34 मुकदमे दर्ज थे। पिछले 26 सालों से वह अपराध कर रहा



था। शनिवार की सुबह कांधला पुलिस भभीसा चौकी के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया। उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से गंभीर घायल हो गया। जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बदमाश की पहचान नफीस पुत्र मुदा निवासी मुहल्ला खैल कांधला के रूप में हुई।

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री देवांगन यूको बैंक की शाखा का करेंगे शुभारंभ

**कोरबा।** प्रदेश में आम नागरिकों की सुविधा के लिए बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं आबकारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन शनिवार 18 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे कोरबा के जमनीपाली में यूको बैंक अगारखार शाखा का उद्घाटन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कोरबा में चार विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अनुमति, अब यहीं होगी स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की पढ़ाई

**कोरबा ।** कोरबा जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कोरबा को अब चार विषयों में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से मिल गई है। आगामी सत्र से ही इन पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कॉलेज में विषयों में एमडी कोर्स की स्वीकृति मिली है जिसमें एमडी - एनेस्थीसिया = 03 सीट, एमडी - स्त्रीरोग (गायनेकोलॉजी) = 03 सीट, एमडी - जनरल मेडिसिन = 04 सीट, एमडी - जनरल सर्जरी = 04 सीट शामिल है। इस स्वीकृति के बाद मेडिकल कॉलेज कोरबा अब स्नातक स्तर के साथ-साथ स्नातकोत्तर स्तर की चिकित्सा शिक्षा का केंद्र भी बन जाएगा। इससे कोरबा और आसपास के जिलों के मेडिकल छात्रों को अन्य शहरों में भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही, इन विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ने से जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गंभीर और जटिल बीमारियों का इलाज अब कोरबा में ही संभव हो सकेगा, जिससे मरीजों को रायपुर, बिलासपुर या बाहर के राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कोरबा के स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने हेतु दक्ष प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा जिला कोरबा अन्तर्गत शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को 1 माह तक रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

उक्त प्रशिक्षण सेवाएं देने हेतु जिले के जुड़ो, कराटे, ताईक्वाडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रशिक्षको से आवेदन मंगाया गया है। महिला प्रशिक्षकों को पहले प्राथमिकता दी जायेगी। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में उक्त विधा से संबंधित वांछित दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कार्यालय कोरबा में 30 अक्टूबर 2025 तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

## पीएमश्री विद्यालय में अंशकालिक खेल/योग एवं संगीत प्रशिक्षक हेतु 26 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत कोरबा जिले में संचालित 16 पीएमश्री विद्यालयों में 31 मार्च 2026 तक के लिए अंशकालिक खेल/योग एवं प्रशिक्षक हेतु 26 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। योग/खेल प्रशिक्षक हेतु किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम शारीरिक शिक्षा या योग शिक्षा में स्नातक डिग्री तथा संगीत प्रशिक्षक हेतु किसी मान्या प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संगीत में स्नातक की डिग्री या समकक्ष योग्यता अनिवार्य है। प्रशिक्षकों को न्यूनतम मानदेय राशि रूपये 10 हजार मात्र प्रदान किया जायेगा।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपरोक्त पद हेतु इच्छुक आवेदकों के आवेदन पत्र 26 अक्टूबर 2025 शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा कोरबा, क्रेडा आफिस के उपर प्रथम तल में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदक कोरबा जिले में संचालित प्रत्येक पीएमश्री स्कूल हेतु पृथक-पृथक आवेदन, पृथक-पृथक लिफाफे में करना होगा। एक विद्यालय हेतु एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर अंतिम प्राप्त आवेदन को सही मानते हुए शेष आवेदन को निरस्त माना जायेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट या स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। आवश्यक योग्यता एवं अन्य जानकारी आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय जिला मिशन समन्वयक रूम नंबर 04 समग्र शिक्षा कोरबा क्रेडा आफिस के उपर प्रथम तल में चस्पा एवं जिले के वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन में उपलब्ध है।जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

## पूर्व मंत्री ने दी बधाई

**कोरबा ।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने हिंदु धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार धनतेरस, बड़ी दीपावली, छोटी दिपावली, रूप चौदस, नरक चतुर्दशी, महावीर निर्वाणोत्सव, धनवंतरी जयंती, अन्नकूट, गोर्वधन पूजा एवं भाई दूज के अवसर पर कोरबावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है ।



श्री अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि धन की देवी माता लक्ष्मी सांसारिक जीवन में सुख, सुविधा, समृद्धि, शुभ, लाभ और शांति प्रदान करने वाली महादेवी है।

श्री अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि तमसो मां ज्योतिर्गमय के बड़े वाक्य का संदेश देने वाली महालक्ष्मी पूजन का यह महापर्व दीपावली का पर्व आपके जीवन में सुख समृद्धि, शुभ - लाभ, रिद्धि - सिद्धि, वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि तथा दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन लेकर आए ।

## मिनीमाता चौक व नेहरू नगर के अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**कोरबा।** कोरबा जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने बालकोनगर क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्यो पर बड़ी कार्यवाही करते हुए मिनीमाता चौक के समीप किए गए अतिक्रमण को हटा दिया। कार्यवाही के दौरान बालकोनगर थाना पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों में मिनीमाता चौक, सिविक सेंटर के आसपास और नेहरू नगर क्षेत्र में नए अवैध निर्माण कार्य शुरू किए गए थे। बताया जा रहा हैं की इन निर्माण कार्यो के जरिए कुछ लोगों द्वारा बालको स्वामित्व वाली भूमि पर कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही थी। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भी संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण रोकने के निर्देश दिए गए थे

# पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई पहचान

## सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और सामुदायिक सुविधाओं में प्रगति से सशक्त होगा ग्रामीण जीवन

**कोरबा ।** कोरबा जिले का पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय संस्कृति और सामाजिक एकता के लिए जाना जाता है। दुर्गम और सुदुरवर्ती क्षेत्र के रूप में जाना जाने वाला इस विधान सभा क्षेत्र पाली-तानाखार में दो बड़े विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा तथा पाली आता है। सुदुरवर्ती क्षेत्र होने की वजह से इस क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और कैबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों को गति मिली है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज न्यास संस्थान श्री अजीत वसंत ने पाली-तानाखार क्षेत्र में 1088 विकास कार्यों के लिए 173 करोड़ 88 लाख 28 हजार 848 रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। डीएमएफ से विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि स्वीकृत होने से यह क्षेत्र अब विकास की नई राह पर अग्रसर है। कलेक्टर ने 239 नवीन आंगनबाड़ी, 106 नवीन प्राथमिक शाला भवन, 43 नवीन माध्यमिक शाला भवन, 48 स्कूलों में अहाता निर्माण, 30 आत्मानंद स्कूलों में कंप्यूटर कक्ष, अतिरिक्त कक्ष, शोचालय, 14 स्कूलों सायकिल स्टैंड निर्माण, 11 स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण, 10 स्वास्थ्य केन्द्रों में अहाता निर्माण, 163 सीसी रोड, 113 हैंड पंप, 103 नवीन पीडीएस भवन, 75 पाईप पुलिया एवं एप्रोच रोड, 50 धान चबूतरा एवं गोदाम निर्माण आदि की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन कोरबा द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 1088 कार्यों के लिए 173 करोड़ 88 लाख 28 हजार 848 रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इन स्वीकृत कार्यों के माध्यम से पाली-तानाखार क्षेत्र में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, ऊर्जा एवं सामुदायिक विकास की नई दिशा तय हुई है। इन कार्यों में विशेष रूप से सड़क निर्माण पर बल दिया गया है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पाथा से खैरबहरी धनुहापारा मार्ग की 04 किमी लंबाई (वास्तविक 1.80 किमी) के लिए 02 करोड़ 14 लाख 32 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। ग्राम पनगवां से जल्के पहुंच मार्ग की 05 किमी (वास्तविक 4.10 किमी) लंबाई के लिए 04 करोड़ 75 लाख 70 हजार रूपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम पाथा से छिंदमेर गाढ़ाघाट तक 04 किमी (वास्तविक 3.27 किमी) निर्माण के लिए 03 करोड़ 10 लाख 94 हजार रूपये की स्वीकृति दी गई है। मुड़ाभाटा से भदरापारा मुख्य मार्ग 04 किमी पुल-पुलिया सहित निर्माण हेतु 04 करोड़ 36 लाख 57 हजार रूपये की स्वीकृति मिली है। इसी प्रकार विकासखंड पाली के ग्राम पोलमी से तिलैहा मार्ग 1.40 किमी के लिए एक करोड़ 24 लाख 41 हजार रूपये, कोरबा के दुल्लापुर से बोरेमुड़ा मार्ग 4.10 किमी पुल सहित 03 करोड़ 89 लाख 55 हजार तथा चैतुरगढ़ से जेमरा चैतुरगढ़ सड़क के सीसी शोल्डर चौड़ीकरण 6.60 किमी के लिए रूपये 05 करोड़ 33 लाख 50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। पाली में बाईपास रोड निर्माण कार्य भी स्वीकृत किया गया है, जिससे क्षेत्र के यातायात और संपर्क मार्गों में और सुधार होगा।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हेतु आवासीय भवन निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी भवन, नवीन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवन निर्माण, विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष, प्रार्थना शेड, साइकिल स्टैंड एवं अहाता निर्माण, आत्मानंद स्कूलों में कंप्यूटर कक्ष, शौचालय एवं अन्य सुविधाओं का सृजन, विकासखंड पोड़ी के विद्यालयों में फर्नीचर की खरीदी तथा छात्रावास अधीक्षकों के आवास गृह निर्माण जैसे कार्य स्वीकृत किए गए हैं। पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में पौष्टिक नाश्ता प्रदाय योजना के साथ-साथ 10 स्वास्थ्य केंद्रों में अहाता निर्माण कार्य, गैस रिफिलिंग की सुविधा, नवीन पंचायत भवन एवं नवीन पीडीएस भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, अहाता, रिटर्निंग वॉल और नाली निर्माण जैसे जनसुविधा से जुड़े कार्यों को भी मंजूरी दी गई है। क्षेत्र में जल, सिंचाई और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 57 ग्राम पंचायतों में 13 हैंडपंप स्थापना कार्य, पाइप पुलिया एवं एप्रोच रोड निर्माण, विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में 4 नग तालाब निर्माण, धान चबूतरा एवं 150 मी. टन क्षमता वाले धान गोदाम निर्माण तथा कई ग्रामों में सीसी रोड और स्कूल परिसर में अहाता निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ऊर्जा क्षेत्र में सीएसपीडीसीएल कटघोरा द्वारा 7 विद्युतीकरण कार्यों की स्वीकृति दी गई है। साथ ही ई-रिक्शा चार्जिंग पोल और तहसील परिसर में विद्युत निर्माण कार्य भी प्रस्तावित हैं। इन सभी प्रयासों से क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति और स्वच्छ परिवहन के नए विकल्प उपलब्ध होंगे।पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में हो रहे इन बहुआयामी विकास कार्यों ने इस अंचल को एक नई पहचान दी है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, ऊर्जा और सामुदायिक सुविधाओं के क्षेत्र में मिल रही नई संरचनाएं न केवल जनजीवन को सरल बना रही हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही हैं। अब क्षेत्र बेहतर सड़कों से जुड़ रहे हैं, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक आहार मिल रहा है, स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हो रही हैं और किसानों को भंडारण तथा सिंचाई की सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।

## सरभोका के प्राथमिक शाला में नई सहायक शिक्षिका की नियुक्ति से बच्चों में खुशियां

### युक्तियुक्तकरण का मिलने लगा है लाभ

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्कूलों में युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम सरभोका स्थित बसाहट मोहल्ले में संचालित प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षिका श्रीमती अंजुलता तंवर ने 16 जून 2025 को कार्यभार ग्रहण किया।श्रीमती तंवर के स्कूल में जुड़ने से बच्चों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। यह विद्यालय वर्ष 1982-83 से संचालित है और वर्तमान में इसमें 45 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अधिकतर विद्यार्थी हसदेव बांगो बांध डुबान क्षेत्र के भू-विस्थापित गरीब परिवारों से आते हैं। पिछले दो वर्षों से यह विद्यालय एकलशिक्षकीय था, जिससे न केवल विद्यार्थियों बल्कि प्रधानपाठक श्री त्रिभुज सिंह तंवर को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नई शिक्षिका की नियुक्ति से अब शिक्षण व्यवस्था में सुधार आया है और सभी ने राहत की सांस ली है। विद्यालय की छात्राएँ कृषिका, एंजल, रोहित (कक्षा पाँचवीं), आलिया, अविनाश (कक्षा चौथी) तथा बबीता (कक्षा तीसरी) ने बताया किनई मैडम हमें बहुत अच्छे से पढ़ाती हैं। स्कूल में समय पर नाश्ता



और दोपहर का भोजन भी मिलता है।ग्रामवासियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनके गाँव के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी और विद्यालय का वातावरण पहले से अधिक सक्रिय हो गया है।

## हितग्राहियों को नहीं मिली एनटीपीसी की क्षतिपूर्ति राशि

**कोरबा ।** कोरबा जिले में एनटीपीसी द्वारा राजस्व विभाग को दी गयी क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान में हो रही देरी से नाराज ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। राखड़ प्रभावित ग्राम धनरास के सैकड़ों ग्रामीण, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, एसडीएम कार्यालय पहुंच राजस्व विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों का आरोप है कि एनटीपीसी प्रबंधन ने एक साल की क्षतिपूर्ति राशि दो महीने पहले ही राजस्व विभाग को दे दी थी, लेकिन यह राशि अब तक हितग्राहियों तक नहीं पहुंची है। पहले यह राशि सीधे ग्राम पंचायत के खाते में जमा की जाती थी, लेकिन इस बार यह विभाग के पास अटकी हुई है।

ग्रामीणों ने दीपावली से पहले राशि जारी करने की मांग करी है। उनका कहना है कि त्यौहार नजदीक है और मुआवजा न मिलने से ग्राम में आर्थिक संकट की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों ने बताया कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा हर साल क्षतिपूर्ति राशि दी जाती थी। इस बार भुगतान में देरी के कारण उन्हें आंदोलन करना पड़ा ठ्ठ उन्होंने यह भी बताया कि पहले यह राशि सरपंच और पंच को दी जाती थी, जो इसे प्रभावित लोगों में बांटते थे। अब यह सीधे प्रभावितों के खाते में जाती है, लेकिन इस बार उन्हें राशि नहीं मिली है।

एक अन्य ग्रामीण ने आरोप लगाते हुए बताया कि एनटीपीसी द्वारा डंप की जाने वाली राखड़ से होने वाले प्रदूषण का खामियाजा वे भुगत रहे हैं और बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इसी प्रदूषण की क्षतिपूर्ति के रूप में यह राशि दी जाती है, लेकिन इस बार इसका भुगतान नहीं किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें 6 से 7 हजार रुपए तक की राशि मिलती है, जिसका उपयोग वे अपनी बीमारियों के इलाज में करते हैं। कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि धनरास के लोगों को राखड़ का जो मुआवजा मिलता है, वह पहले नकद दिया जाता था। कुछ परेशानियों के कारण पूर्व अधिकारियों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि बैंक विवरण लेकर राशि सीधे उनके खाते में डाली जाएगी, जो तहसील कार्यालय से ही भेजी जाएगी। एसडीएम ने आगे बताया कि अब तक 1100 से अधिक लोगों के बैंक विवरण जमा हुए हैं और सिस्टम में एंट्री करने में समय लग रहा था। उन्होंने एनटीपीसी प्रबंधन और तहसीलदार से बात की है और आश्वासन दिया है कि सभी विवरण लेकर दीपावली से पहले ग्रामीणों के खातों में राशि जमा कर दी जाएगी।

## कोरबा के मेडिकल कॉलेज में तैयार होंगे विशेषज्ञ डाक्टर

**कोरबा ।** कोरबा जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कोरबा को अब चार विषयों में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से मिल गई है। आगामी सत्र से ही इन पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कॉलेज में विषयों में एमडी कोर्स की स्वीकृति मिली है जिसमें एमडी - एनेस्थीसिय = 03 सीट, एमडी - स्त्रीरोग (गायनेकोलॉजी)= 03 सीट, एमडी - जनरल मेडिसिन= 04 सीट, एमडी - जनरल सर्जरी= 04 सीट शामिल है। इस स्वीकृति के बाद मेडिकल कॉलेज कोरबा अब स्नातक स्तर के साथ-साथ स्नातकोत्तर स्तर की चिकित्सा शिक्षा का केंद्र भी बन जाएगा।इससे कोरबा



और आसपास के जिलों के मेडिकल छात्रों को अन्य शहरों में भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही, इन विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ने से जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गंभीर और जटिल बीमारियों का इलाज अब कोरबा में ही संभव हो सकेगा, जिससे मरीजों को रायपुर, बिलासपुर या बाहर के राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कोरबा के स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## बालको ने किया 'स्वर' हिंदी उत्सव का आयोजन

**बालकोनगर ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 'स्वर' हिंदी उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य के समृद्धि को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में बालकोनगर और आसपास के आठ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कंपनी ने स्थानीय छात्रों में हिंदी भाषा को बढ़ावा के लिए अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें तात्कालिक भाषण, कविता पाठन, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा शामिल थी। कार्यक्रम में 8वीं, से लेकर 12वीं के लगभग 120 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।बालको के सीईओ एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने बच्चों की कविता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सामंजस्यपूर्ण समाज की साहित्यिक नींव को आकार देने में आने वाली युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। हिंदी को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता शब्दों से परे है यह हमारी भाषा संस्कृति की समृद्ध विरासत को संजोये रखने का प्रयास है जो एक बेहतर और समावेशी समाज की ओर सराहनीय कदम है।निबंध प्रतियोगिता में 5वीं से 8वीं के विद्यार्थियों ने 'अगर मैं प्रधानमंत्री होताÓ' एवं 'मोबाइल फोन-लाभ और हानि' तथा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने 'सोशल मीडिया-लाभ और हानि' एवं 'जलवायु परिवर्तन और हमारी जिम्मेदारी' विषय पर निबंध के माध्यम अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ सामाजिक एवं मार्मिक संवेदना के साथ मनमोहक कविता से श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ी।आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा थी जिसमें सभी विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य के इतिहास, परिचय, काव्य, लेखक, रचना और व्याकरण संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। प्रतिस्पर्धा में आठ विद्यालय के 40 बच्चों ने भाग लिया जिसमें बाल सदन स्कूल, और दिल्ली पब्लिक स्कूल, बालको संयुक्त रूप से विजेता रहे।



## जिले में आयोजित कार्यक्रम में गरिमा और स्वर्णा दिवाकर ने छत्तीसगढ़ी देवी गीतों से बांधा समा

### राजेंद्र नगर दशहरा मैदान में उमड़ी भीड़

**कोरबा ।** कोरबा जिले के राजेंद्र नगर स्थित दशहरा मैदान में छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत प्रेमियों के लिए एक खास सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका गरिमा दिवाकर और स्वर्णा दिवाकर ने अपनी सुरीली आवाज़ में छत्तीसगढ़ी देवी गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और झूमते कदमों से स्वागत किया।लोकगीतों से गुंजा दशहरा मैदानकार्यक्रम के दौरान जैसे ही गरिमा और स्वर्णा ने मंच संभाला, माहौल भक्तिमय हो गया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को समर्पित इन गीतों में लोकभावना के साथ-साथ भक्ति रस भी देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों और उत्साह के साथ हर प्रस्तुति का स्वागत किया। हजारों की संख्या में जुटे श्रोता इस सांस्कृतिक संध्या को देखने के लिए कोरबा शहर और आसपास के क्षेत्रों से करीब 1000 से अधिक लोग दशहरा मैदान पहुंचे। गरिमा और स्वर्णा की जोड़ी ने टीम के साथ मिलकर एक के बाद एक छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और देवी भजनों की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## अंडरपास के कार्य में देरी, चिन्हित स्थान में फिर होने लगा कब्जा

**कोरबा।** संजय नगर रेल फाटक पर प्रस्तावित अंडरपास का कार्य शुरू नहीं हो सका है। रेलवे से ड्राइंग डिजाइन पास होने के बाद अंडरपास से संबंधित कार्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है। लेकिन अभी तक टेंडर पूरा नहीं हुआ है। इस कार्य में अभी एक माह का समय और लगने की बात कही जा रही है। इस बीच अंडरपास के लिए चिन्हित स्थान के एक छोर पर धीरे-धीरे फिर लोग निर्माण कार्य कर रहे हैं। इससे अंडरब्रिज की राह में एक बार फिर अड़चन आने की उम्मीद है। जिला खनिज न्यास मद से शहर के संजय नगर रेलफाटक पर अंडरपास प्रस्तावित है। लगभग दो साल पूरा होने को है लेकिन अभी तक अंडरपास के लिए कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसके शुरू होने में कितना समय लगेगा, यह भी अभी अधिकारी बताने को तैयार नहीं है। इस बीच अंडरपास के कारण रेलफाटक पर रुक-रुक कर लग रही जाम का सिलसिला जारी है। संजय नगर रेलफाटक के लिए जिला प्रशासन की ओर से फाटक के दोनों ओर चिन्हित जमीन को खाली कराया गया है।

## गजरा मैदान में सजी पटाखा दुकान

**बांकीमोंगरा।** दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर, बांकीमोंगरा के गजरा मैदान में लगी फटाका दुकान का विधिवत और भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने दुकान का श्रीफल तोड़कर व फीता काटकर उद्घाटन किया।

विकास झा ने इस अवसर पर फटाका दुकान संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि लाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ही आतिशबाजी करें और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सीमित मात्रा में ही पटाखों का उपयोग करें।इस बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, अश्वनी साहु , सुरज मिश्रा, अनूपम दास, मिडिया प्रभारी विकास सोनी सहित फटाका व्यापारिगण व आसपास के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा के हाथों शुभारंभ होने पर खुशी व्यक्त की। गजरा मैदान में लगी यह फटाका दुकान अब क्षेत्र के लोगों के लिए उपलब्ध हो गई है, जहाँ वे दीपावली के लिए विभिन्न प्रकार के पटाखे खरीद सकेंगे। शुभारंभ के पश्चात विकास झा सहित सभी अतिथियों ने फटाका व्यापारिगण से मुलाकात कर शुभकामनाएं दिये।

## मिली कानूनी राहत

**कोरबा।** हरियाणवी लोकनृत्यांगना सपना चौधरी के कार्यक्रम के बाद हुए विवाद मामले में बड़ी कानूनी राहत मिली है। होटल जश्न रिसॉर्ट में हुई तोड़फोड़, मारपीट, लूट और गोली मारने की धमकी के मामले में प्रथम पक्ष के तीन आरोपियों को न्यायालय ने अग्रिम ज़मानत प्रदान की है। यह आदेश डॉ. ममता भोजवानी, अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. कोरबा के न्यायालय द्वारा पारित किया गया। यह मामला कोतवाली थाना अंतर्गत अपराध क्रमांक 748/2023, धारा 296, 115(2), 309(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत दर्ज किया गया था।ज़मानत का लाभ पाने वाले आरोपियों में करनदीप सिंह उर्फ कैनी (38 वर्ष), गुरबीर सिंह उर्फ गोल्डी (42 वर्ष) और ईशान सिंह (36 वर्ष) शामिल हैं — सभी निवासी दर्री रोड, कोरबा। आवेदक पक्ष की ओर से अधिवक्ता बलराम तिवारी ने न्यायालय में प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर अदालत ने सशर्त अग्रिम ज़मानत मंजूर की।

## ग्राम लेमरू व अन्य क्षेत्रों में ग्रामीणों के साथ दीपावली की बांटी खुशियां

**कोरबा ।** महिला उत्थान मंडल, युवा सेवा संघ एवं योग वेदांत सेवा समिति कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में कार्तिक अमावस्या निमित्त दीपावली सेवा कार्य का आयोजन किया गया, इस आयोजन में सेवा और सद्भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कोरबा के सुदूर वनांचल क्षेत्र लेमरू के आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचकर दीपावली के पावन अवसर हेतु दीया-बाती-तेल, मिठाई, पटाखे, जीवनोपयोगी वस्तुओं का वितरण किया। कार्यक्रम की रौनक तब और बढ़ गई जब कीर्तन की धुन पर लोग करताल के साथ झूमने लगे। युवा सेवा संघ कोरबा के प्रमुख कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि देश-विदेश में स्थित लगभग 450 से अधिक आश्रमों और लगभग 1400 समितियां प्रतिवर्ष दीपावली में विभिन्न सेवा कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ममता देवांगन, रीता जगवानी, अनीता गुप्ता, लालिमा सिन्हा, प्रमिला साहू, संजू टंडन, खम्मन लाल साहू, धनेश देवांग, रामगोविन्द देवांगन, लोकचंद सिन्हा, मनीराम पटेल, अनिल पटेल, नारायण देवांगन, राजनाथ साहू सहित अन्य कई सेवाधारियों का योगदान था, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया।



## डॉ.बोधीराम साहू प्रेरणा सम्मान से सम्मानित

**जांजगीर।** श्री हरि लीला ट्रस्ट द्वारा ड्रीम प्वाइंट में सफलता संकल्प उत्सव अंतर्गत सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया,सचिव अमर सुल्तानिया, व्यास कश्यप विधायक जांजगीर..चांपा,राघवेंद्र सिंह विधायक अकलतरा, नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधान सभा,अंबेश जांगड़े पूर्व संसदीय सचिव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया,नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति रेखा देवा गढ़वाल,समाज सेवी रवि पांडे सहित मंचस्थ अतिथियों के कर कमलों से शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक होने व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों पर प्रेरणा सम्मान 2025 से स्मृति चिन्ह,सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा ये राज्य,राष्ट्रीय,अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 300 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है।इनके सम्मानित होने पर राज्यपाल राष्ट्रपति शिक्षक कल्याण संघ के जिला संरक्षक रमाकांत पांडेय,परमेश्वर स्वर्णकार,कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल,श्रीमति जयंती दुबे,मोहन कौशिक,अमृतलाल साहू,देव कुमार सहित पुरस्कृत शिक्षक संघ के प्रसन्नता सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# सक्ति सहित तीन स्थानों पर रिश्वतखोर कर्मियों को दबोचा एंटी करप्शन ने

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार को 15 हजार की रिश्वत लेते (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) को गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी ने अपने ही कर्मचारी से टीए (यात्रा भत्ता) पास करने के बदले में घूस की डिमांड की थी। मामला डभरा थाना क्षेत्र का है।

वहीं, कोरिया जिले में,छ्क्क की टीम ने ASI और PLV (न्यायालय की ओर से नियुक्त विधिक सलाहकार) को 12 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट के मामले में गाड़ी के मालिक से रिश्वत मांगी थी। मामला पटना थाना क्षेत्र का है।

पहला मामला सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक है। जानकारी के मुताबिक, बीएमओ डॉ. राजेंद्र कुमार पटेल ने अपने ही कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड-2 उमेश कुमार चंद्र से 81 हजार का यात्रा भत्ता (टीए) पास करने के बदले 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

जिसके बाद उमेश ने मामले की शिकायत एसीबी की रायगढ़ यूनिट में की। शिकायत की जांच के बाद टीम ने बीएमओ को ट्रैप किया और दफ्तर में रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एसीबी



अधिकारियों के अनुसार, आरोपी बीएमओ के पास से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। विभाग स्तर पर भी बीएमओ के खिलाफ विभागीय जांच की तैयारी की जा रही है।

दूसरा मामला कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पटना थाने में पदस्थ ASI पोलीकार्प टोप्पो और PLV (न्यायालय की ओर से नियुक्त विधिक सलाहकार) राजू ने मोटर व्हीकल एक्ट के मामले में सोरगा के रहने वाले वाहन मालिक से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

बाद में उनके बीच सौदा 12 हजार में तय हुआ। लंबे समय से मामले को लेकर परेशान वाहन मालिक ने इसकी शिकायत सरगुजा ACB से की थी। रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर सरगुजा ACB की टीम शुक्रवार (17) को पटना पहुंची।

टीम ने केमिकल लगे 12 हजार रुपए के नोट देकर शिकायतकर्ता को थाने में भेजा। उसने रिश्वत देने के बाद इशारा किया तो,छ्क्क के टीआई शरद सिंह की टीम ने थाने में पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से रिश्वत की रकम बरामद की गई है।

ACB की टीम ने दोनों को हिरासत में लिया। आगे की कार्रवाई के लिए बैकुंठपुर रेस्ट हाउस लेकर पहुंची है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ACB •Ô¤ TI ने बताया कि कार्रवाई के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी।

## प्रगतिशील पेंशनर संघ ने इंजी आर एस क्षत्रिय का मनाया गया जन्म दिवस

**जांजगीर।** गत बुधवार 15 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ जिला शाखा जांजगीर चांपा द्वारा विगत 15 अक्टूबर को जल संसाधन निरीक्षण, विश्राम गृह जांजगीर में संघ की मासिक बैठक के साथ ही संघ के प्रांतीय सलाहकार इंजी आर एस क्षत्रिय का जन्म दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया। संघ के अध्यक्ष संतोष राठौर द्वारा सर्व प्रथम मासिक बैठक की कार्यवाही पूरी की गई। बैठक में सदस्यता अभियान, लंबित मंहगाई भत्ता वृद्धि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आर के थवाईत ने संघ कार्यालय बहुप्रतीक्षित पेंशनर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि आबंटन की प्रक्रिया आगामी 17 दिसंबर पेंशनर डे तक पूर्ण हो जाने की पूरी संभावना होने की जानकारी दिया गया. तथा आगामी फरवरी 2826 में हरियाणा के कुरुक्षेत्र में प्रस्तावित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में जांजगीर चांपा जिले एवं प्रांत से जाने वाले इच्छुक साथियों से अपना नाम अभी से अवगत करा देने की जानकारी दी गई।

बैठक में माह अक्टूबर में संघ के नए सदस्यता ग्रहण करने वाले साथियों जीवन लाल साव, रघुबर सिंह राठौर, विजय कुमार राज, आर के श्रीवास , डॉ धरम लहरे का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। बैठक कार्यवाही पश्चात संघ के प्रांतीय सलाहकार इंजी आर एस क्षत्रिय का 69 वां जन्म दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया।

## आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय डोंगाकोहरौद के प्रभारी प्राचार्य को पद से हटाया

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा ज्योतिबा राव फुले आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय डोंगाकोहरौद, विकासखंड पामगढ़ के प्रभारी प्राचार्य कुंज किशोर, व्याख्याता (एल.बी.) के विरुद्ध प्राप्त गंभीर शिकायतों की जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर उन्हें पद से हटा दिया गया है।

कुंज किशोर पर आरोप था कि उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से विद्यालय की साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई कराई, बोर्ड परीक्षा के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूली की, खेल यूनिफॉर्म खरीदी हेतु छात्रों पर दबाव डाला, प्रायोजन कार्य में अंक कम देने की धमकी दी तथा अध्यापन कार्य में लापरवाही बरती। जांच प्रतिवेदन में इन सभी आरोपों की पुष्टि होने पर जिला शिक्षा अधिकारी एके सिन्हा ने कुंज किशोर, व्याख्याता (एल.बी.) हिन्दी को महात्मा ज्योतिबा राव फुले आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, डोंगाकोहरौद के प्रभारी प्राचार्य पद से तत्काल प्रभाव से मुक्त करते हुए उन्हें शासकीय हाई स्कूल भुईगांव, विकासखंड पामगढ़ में व्यवस्था के तहत आगामी आदेश तक अध्यापन कार्य संपादन हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पूरे प्रकरण पर गंभीरता से विचार करते हुए कुंज किशोर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन राज्य संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) को प्रेषित किया है।

## कार्तिक माह दीपदान महोत्सव एवं श्री राधा-दामोदर भगवान की कीर्तन-भजन का आयोजन

**नवागढ़ जांजगीर-चांपा ।** कार्तिक माह के पावन अवसर पर राधा कृष्ण शिक्षा समिति एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, नवागढ़ के तत्वाधान में दीपदान महोत्सव एवं श्री राधा-दामोदर भगवान की कीर्तन-भजन का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संचालक डां. विनोद कुमार बंसल सर एवं प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा एवं राधा कृष्ण शिक्षा समिति महाविद्यालय के संचालक महोदया- डां. अन्नपूर्णा अग्रवाल मैंम एवं प्राचार्य डॉ ऋत्विज तिवारी जी के द्वारा राधा दामोदर भगवान के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं मंगलाचरण के साथ हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अन्नपूर्णा अग्रवाल मैम उपस्थित रहे । तथा उनके द्वारा दोनों महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दामोदर अष्टकम के आठ नियम को सभी के सामने प्रस्तुत किये साथ ही पंडित



जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के संचालक डां .विनोद कुमार बंसल के व्दारा बतलाये की कार्तिक माह भक्ति, दान और साधना का महापर्व है। दीपदान केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं, बल्कि अज्ञान के अंधकार को मिटाने का संदेश देता है। जैसे शब्दों से सभी का उद्बोधन किये तत्पश्चात महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों एवं विद्यार्थियों के द्वारा रस में सराबोर कीर्तन, भजन एवं संकीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनसे सम्पूर्ण परिसर में दिव्यता और भक्ति का वातावरण व्याप्त हो गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, विद्यार्थीगण / प्रशिक्षार्थिगण एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ दीपदान कर भगवान श्री राधा-दामोदर के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर सैकड़ों दीपों की रौशनी से संपूर्ण परिसर आलोकित हो उठा।

कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री रजनी साहू एवं श्री कमल सर के द्वारा हुआ ।

इस कार्यक्रम में पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के प्राध्यापकगण-तेरस दिनकर (आई क्यू ए सी प्रभारी), सुश्री यशोदा शांते, श्रीमति लक्ष्मी महंत,आलोक चंद्रा, जोहित कश्यप, सतीश, अनुभव,शिवरात्रि, सुश्री कविता, सुश्री मालती, विमल, अमन, श्री आरथों, अखेंद्र, दीपक एवं राधा कृष्ण शिक्षा समिति महाविद्यालय के प्राध्यापकगण -,सुश्री बबिता मधुकर सुश्री धनेश्वरी कुर्रे , प्रज्ञानंद कश्यप, मनोज बंजारे, सुश्री प्रगति बंजारे , निखिल जांगड़े , सुदर्शन, धनंजय सुश्री राम कुमारी ,शुभम एवं विभिन्न विद्यार्थियों /प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पूरे भारत देश को एकता के सूत्र में जोड़ते हैं हमारे तीर्थ स्थल:आचार्य पांडेय

**स्लग-शिव महापुराण के आठवें दिवस ब्यास आचार्य ने सुनाई भगवान शंकर के विभिन्न अवतारों की कथा**





**जांजगीर-चांपा।** हमारा देश भारत धर्म परायण देश है, पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए हमारे ऋषि मुनियों व देवताओं ने ऐसी व्यवस्था दी है कि पूरे देश के लोग गंगोत्री जाकर गंगाजल लेकर आते हैं और उसे दक्षिण भारत में रामेश्वरम में चढ़ाते हैं। इसी प्रकार देश के लगभग सभी भागों में तीर्थ हैं, यह तीर्थ हमें आपस में जोड़ते हैं।

ये बातें ब्यास आचार्य पं. मनोज पांडेय ने कही। वे ग्राम बनारी में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण के आठवें दिन 12 ज्योर्तिंग के प्राकट?य की कथा सुना रहे थे। आचार्य श्री ने भगवान शंकर के विविध अवतारों का वर्णन किया। उन्होंने तीर्थ यात्रा की महत्ता बताते हुए कहा कि तीर्थ यात्रा करते समय हम अपनी दुर्बलताओं को दूर करते हुए विकारों को मिटाते हुए अत्यंत पवित्र भाव से भागवत भजन करते हुए वाहन यात्रा और निवास करना चाहिए। वहां जाकर के यदि हम मानसिक शारीरिक विकारों से ग्रस्त रहे तो तीर्थ में वास करने वाले स्थाई महात्माओं को कष्ट होता है। पुण्य आत्माओं को कष्ट होता है। आजकल तीर्थ यात्रा का स्वरूप विकृत होने लगा है। लोग पिकनिक मनाने पर्यटन करने की दृष्टि से तीर्थ की यात्राएं कर रहे हैं, यह अच्छी बात नहीं है। तीर्थ धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए है, तीर्थ हुआ है जो हमें तार दे, हमें सद्गति मुक्ति प्रदान करें। सभी लोग तीर्थ में जाकर के अपने पाप नष्ट होने की भावना करते हैं, अपने पापों को वहां छोड़कर हम पवित्र होकर आए, यह भाव करते हैं, लेकिन जब पुण्यात्मा जीव तीर्थ यात्रा करते हैं उनके अंग स्पर्श से तीर्थ भी पावन हो जाते हैं, पवित्र हो जाते हैं। यदि हम भागवत भाव से युक्त होकर तीर्थ की यात्रा करें तो हम तीर्थ को भी पावन बना सकते हैं। यह सावधानी हमारे भीतर होनी चाहिए कि हम तीर्थ को और पवित्र बनाएं। इसके अलावा उन्होंने अश्वत्थामा, दुर्वासा, हनुमान जी पिप्पलाद, नंदीश्वरजी की कथा सुनाई। उपस्थित श्रद्धालुओं को अश्वत्थामा की कथा सुनाते हुए ब्यास आचार्य पं. पांडेय ने कहा की बृहस्पति के भरद्वाज पुत्र हुए। भरद्वाज से द्रोणाचार्य हुए। द्रोणाचार्य ने भगवान शंकर की कठोर तपस्या की और वरदान में अश्वत्थामा को पुत्र रूप में पाया, जो चिरंजीवी भी हैं। कथा श्रवण करने श्रीमती आशा-कृष्णकांत तिवारी, श्रीमती सुनीता-रमाकांत तिवारी, श्रीमती दुर्गा-कमलकांत तिवारी, श्रीमती सुशीला तिवारी, श्रीमती उषाकिरण, जगदीश तिवारी, सीता तिवारी, सीमा शुक्ला, माधव प्रसाद पाण्डेय, गोपाल प्रसाद पाण्डेय, के के पांडेय, विजय तिवारी, राकेश तिवारी, रमाकान्त तिवारी, राम कुमार तिवारी, राजकुमार तिवारी, रविशंकर चौबे बसंत लाल तिवारी, राकेश पांडेय, सरपंच देवनारायण सिदार, हेमंत साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ओमप्रकाश की छत बनी मिनी पावर हाउस, बिजली बिल से मिली राहत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के व्हीआईपी सिटी में रहने वाले श्री ओमप्रकाश गुप्ता ने साबित कर दिया कि जब संकल्प और सही योजना साथ हो, तो बदलाव मुमकिन है। कभी हर महीने 10-12 हजार रुपये का बिजली बिल चुकाने वाले श्री गुप्ता आज प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की बदौलत पूरी तरह से ऊर्जा आत्मनिर्भर बन चुके हैं। उनके घर की छत पर लगा 5 किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम अब न सिर्फ उनके घर को रोशन करता है, बल्कि उनके परिवार के आर्थिक बोझ को भी हल्का कर चुका है।श्री गुप्ता बताते हैं कि पहले हर महीने बिजली बिल का भुगतान करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती थी। उनके बिजली बिल के वजह से घरेलू खर्चों पर भी असर पड़ने लगा। लेकिन जब उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत आवेदन करने का निर्णय लिया। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी होने के कारण उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। शासकीय पोर्टल और बिजली विभाग की सहायता से कुछ ही समय में उनके घर पर सोलर पैनल स्थापित हो गया। अब उनका घर सौर ऊर्जा से चलता है घर मे सभी घरेलू उपकरण तक सभी कुछ सौर ऊर्जा से संचालित हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि अब उन्हें बिजली बिल की कोई चिंता नहीं रहती, बल्कि हर महीने 10-12 हजार की सीधी बचत हो रही है। इससे उन्हें न केवल आर्थिक राहत मिली है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी संतोषजनक योगदान देने का गर्व महसूस हो रहा है।ओमप्रकाश गुप्ता कहते हैं कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। पहले जो पैसे बिजली बिल में जाते थे, अब उन पैसों से बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और सेविंग में निवेश हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

## किसानों को परेशानी से बचाने एग्रीस्टेक पंजीयन से जुड़ी समस्याएं मौके से होंगी दूर

जांजगीर-चांपा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान खरीदी केंद्रों की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने और पारदर्शी तरीके से कार्य करने, एग्रीस्टैक पंजीयन में आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

इसी तारतम्य में एग्रीस्टैक पंजीयन में आ रही त्रुटियों और रकबा मिलान संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा 15 से 17 अक्टूबर तक समितियों के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। किसानों को अब तहसील या अन्य दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि सहकारी समिति स्तर पर ही उनका कार्य मौके पर निपटाया जाएगा। इसके लिए संबंधित समितियों में तहसीलदार पटवारी और सीएससी ऑपरेटर मौजूद रहेंगे ताकि किसानों की किसी भी समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। किसानों को 31 अक्टूबर 2025 तक एग्रिस्टैक पोर्टल में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बिना पंजीयन के किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय नहीं कर सकेंगे। धान बेचने के लिए फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में 15 से 17 अक्टूबर तक सभी समितियों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां किसान अपने दस्तावेजों के साथ पहुंचकर एग्रीस्टैक से जुड़ी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। किसानों से कहा गया है कि वे आधार कार्ड, बी-1 और पंजीकृत मोबाइल फोन आए साथ लेकर आएं, ताकि पंजीयन या सुधार का कार्य उसी समय पूर्ण किया जा सके।

एग्रीस्टैक पंजीयन के दौरान कुछ किसानों के रकबे स्वचालित रूप से अपलोड नहीं हो पाए थे, जिसके कारण खरीदी केंद्रों की सूची में कुछ अंतर दिखाई दे रहा था। अब इन त्रुटियों को सुधारने के लिए मॉड्यूल आधारित समाधान प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एग्रीस्टैक पंजीयन के दौरान कई किसानों के रकबे नहीं जुड़ पाए थे। अब इस समस्या का निराकरण सहकारी समिति स्तर पर किया जा रहा है। किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। हर किसान को खरीदी से पहले रकबा एवं अन्य विवरण दुरुस्त करने का अवसर दिया जा रहा है ताकि 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी में किसी को कठिनाई न हो।

कलेक्टर ने किया एग्रीस्टैक पंजीयन शिविर का आकस्मिक निरीक्षण

कलेक्टर के निर्देशन में किसानों के पंजीयन सुधार कार्य हेतु जिले में 15 से 17 अक्टूबर 2025 तक तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को शिविर के दौरान समितियों में बैठकर किसानों के पंजीयन सुधार कार्य को समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने कहा है। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में समिति में पंजीयन एवं छुटे हुए खसरा को जुड़वाने के लिए गांव गांव में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने सारागांव में लगाये गये एग्रीस्टैक पंजीयन शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को किसान पोर्टल में खसरा का मिलान कर ही पंजीयन करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी पात्र किसानों को पंजीयन में हर संभव मदद मिलनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंजीयन कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से एक-एक बिंदु पर जानकारी ली। उन्होंने पंजीयन कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी किसान छूटे नहीं यह सुनिश्चित किया जाए एवं शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि आगामी धान खरीदी से पहले पंजीयन सुधार कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी समितियों में सतत मॉनिटरिंग, बीएलई की उपस्थिति और खसरा सुधार प्रक्रिया को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए।

## चंद्रकली ने नागरिकों को दी बधाई दीपावली की

**कोरबा।** पांच दिवसीय हिन्दू पर्व दीपावली की समस्त नागरिकों को पोड़ीबहार की पार्षद चंद्रकली जायसवाल ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि पर्व और त्यौहार जीवन में उमंग लाने के साथ बताते हैं कि हमारा अतीज कितना गौरवशाली रहा है और इसके माध्यम से हमारा वर्तमान कितना अच्छा हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर किसी को पूरी गरिमा के साथ इन पर्वों का भरपूर आनंद लेना चाहिए।



## विधायक शेषराज ने किए राम कथा श्रवण

**पामगढ़।** क्षेत्रीय विधायक शेषराज हरवंश ने ग्राम डोंगाकोहरौद की अखंड नवधा रामायण में पहुंचकर रामकथा श्रवण किए । इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की वहीं उन्होंने सामुदायिक मंच बनाए जाने की घोषणा की । इस अवसर पर देवकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, नीरज खूंटे जिलाध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज , गांव के कांग्रेस कार्यकर्त्ता घनश्याम साहू, होरीलाल कश्यप , दशरथ धीवर, जोहन पटवा, रामलाल धीवर, पत्रकार राजकुमार श्रीवास, अखंड नवधा रामायण समिती के अध्यक्ष पीएल कौशिक,अश्वनी श्रीवास सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमी उपस्थित थे ।

## रेत खदानों के आबंटन हेतु ई-नीलामी की सूचना जारी

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला जांजगीर-चांपा द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 के तहत रेत खदानों के आबंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में कुल 03 साधारण रेत उत्खनन पट्टा खदानों तहसील बम्हनीडीह के पुछेली, तहसील बलौदा केराकछार-2 तथा तहसील शिवरीनारायण के भोगहापारा-2 का आबंटन किया जाएगा। अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदाता उक्त इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 07 नवम्बर 2025 को प्रात: 10बजे से प्रारंभ होकर 13 नवम्बर 2025 सायं 05.30 बजे तक जमा की जा सकेगी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समग्र स्थिति, मादक पदार्थ नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। जिसके तारतम्य में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, उदयन बेहार, जिला परिवहन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी लेते हुए वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर सांकेतिक बोर्ड, गति अवरोधक, ट्री रिफ्लेक्टर, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित की जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने हाईवे पर मौजूद गौठानों का चिन्हांकन कर आवारा मवेशियों को नियत स्थानों में रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिन स्थानों पर पूर्व में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं या जहां दुर्घटनाओं की संभावनाएं अधिक हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतते हुए मरम्मत और सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे करने को कहा गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूलों में सड़क सुरक्षा की जानकारी देने के लिए और जागरूकता कार्यक्रम के तहत रोड सेफ्टी क्लब बनाया जाएगा।

कलेक्टर ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने और आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय अपनाने की बात कही।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) कोरबा (छ.ग.)**

**कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल,** email id miningkorba@gmail.com

क्रमांक / 866/रेत/ ई-निविदा/प्र.च./ 02 पंचा. / 2025 कोरबा, दिनांक 16/10/2025

**रेत खदानों के आबंटन हेतु नीलामी सूचना**

1. निविदा क्रमांक- 01 - MSTC/RPR/Chhattisgarh/KorbaTender/1/25-26/38501
2. निविदा क्रमांक- 02 - MSTC/RPR/Chhattisgarh/ Korba Tender/2/25-26/38503

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला कोरबा (छत्तीसगढ) द्वारा छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम 7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से प्रथम चरण में 1. ग्राम तरईमार तहसील करतला 2. ग्राम सिर्री तहसील पसान में उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदार इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकता है। इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु बोली प्रारंभ करने की आरंभिक तिथि 07.11.2025 (सुबह 10.00 बजे से) तथा अंतिम तिथि 13.11.2025 (शाम 05.00 बजे तक) है।

इच्छुक बोलीदार खदानों का आबंटन हेतु इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की (नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी) एमएसटीसी के वेबसाइट https://www. mstcecommerce. com/auctionhome/ mmb / sand-cg/ index.jsp, जिले के वेबसाइट https:// korba.gov.in एवं https:// chhattisgar hmines.gov.in / तथा कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) कोरबा एवं संबंधित ग्राम पंचायत/जनपद / जिला पंचायत भवन के सूचना पटल से प्राप्त कर सकता है।

बोली में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीदार निम्न लिंक का उपयोग कर सकते है-एमएसटीसी लिंक https://www. mstcecommerce. com/ auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp

कलेक्टर
जिला कोरबा छ.ग.

जी-252604273/3

### अनमोल वचन......

सफलता का कोई रहस्य नहीं है, वह केवल अत्यधिक परिश्रम चाहती है।

# माओवाद का पराभव

यह बहस का मुद्दा है कि माओवाद का पराभव सिर्फ सरकारी नजरिया बदलने के कारण हुआ है, या अतिवादी रणनीति तथा भारतीय राज्य के चरित्र एवं समाज की समझ संबंधी गलतियां माओवादियों को इस मुकाम तक ले आई हैं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के हाथों भारतीय संविधान की कॉपी ग्रहण कर वरिष्ठ माओवादी नेता मालोजुला वेणुगोपाल राव और उनके 60 अन्य साथियों ने समर्पण कर दिया। इसके साथ ही फड़णवीस ने एलान किया कि उत्तर गढ़चिरौली से माओवाद का खात्मा हो गया है, जबकि दक्षिण गढ़चिरौली में इसका थोड़ा-बहुत प्रभाव बाकी है। उधर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि देश में अब 'वामपंथी चरमपंथ' से अति ग्रस्त जिलों की संख्या महज तीन रह गई है, जबकि 2025 के आरंभ में यह छह थी। साधारण तौर पर 'वामपंथी चरमपंथ' से ग्रस्त जिलों की संख्या 18 से घट कर 11 रह गई है। गुजरे एक साल में सैकड़ों माओवादी मारे गए हैं, गिरफ्तार हुए हैं या उन्होंने समर्पण कर दिया है। समर्पण करने वालों में कई बड़े चेहरे शामिल हैं, जिन पर करोड़ों रुपयों का इनाम घोषित था। तो इस तरह भाजपा सरकारें यह कहने की स्थिति में हैं कि 'वामपंथी चरमपंथ' को कानून-व्यवस्था की समस्या मानने का उनका नजरिया सही साबित हुआ है। कभी माओवादी पशुपतिनाथ (नेपाल) से तिरुपति (आंध्र प्रदेश) तक लाल कॉरिडोर बनाने के प्रयास में जुटे हुए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 'वामपंथी चरमपंथ' को देश की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। मगर अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह दावा सच होने के करीब है कि फरवरी 2026 तक माओवाद का सफाया हो जाएगा। बहरहाल, यह बहस का मुद्दा है कि माओवाद का यह पराभव सिर्फ सरकारी नजरिया बदलने के कारण हुआ है, या भारतीय राज्य के चरित्र एवं समाज की समझ संबंधी गलतियां माओवादियों को इस मुकाम तक ले आई हैं। विचारणीय है कि क्या राजनीति में अतिवादी दृष्टिकोण अपनाना और भारतीय राज्य के खिलाफ हर सामाजिक विभाजन रेखा का लाभ उठाने की उनकी रणनीति उनके लिए घातक साबित हुई। इस रणनीति के तहत धीरे-धीरे वे पहचान की राजनीति के इर्द-गिर्द गोलबंदी करने की हद तक चले गए, जिससे वे एक बंद गली में पहुंचे। इसी समय सरकार के नजरिए में आया बदलाव उन पर भारी पड़ा। नतीजा यह हुआ कि आखिरकार संवैधानिक दायरे के अंदर आने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ा है।

## राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा , खर्च की अधिकता रहेगी। आज आप भौतिक सामानों की ख़रीद-फरोख्त कर सकते है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा, आज आपके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करेंगे। सगे -संबधियों का आज आपके घर पर आना हो सकता है।

**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। जो लोग आज किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते है, आज उनके लिए दिन शुभ है। व्यापार में लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी , पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा पर जा सकते हैं, आज आपकी मुलाकात मित्र से होगी, कुछ पुरानी यांदे ताजा होंगी।

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। अगर आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं तो आज अच्छा दिन है। वैवाहिक जीवन में कुछ नयी जिम्मेदारियों का आज आप अहसास करेंगे। बच्चों को लेकर ज्यादा सवेंदनशील होने की जरुरत नहीं है, आज वो अपना काम अच्छे से करेंगे। आज आपको सामाजिक समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण प्राप्त हो सकता है।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। जिस काम के लिए आप काफी समय से परेशान चल रहे थे, आज वो काम पूरा हो जायेगा। ससुराल पक्ष से आज आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए मिला -जुला रहने वाला है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगो को आज किसी बड़ी फिल्म का ऑफर मिल सकता है। जिससे अनुभवी व्यक्तियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन में सुधार होगा, बच्चों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स का बिजनेस करने वालों को आज अच्छा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, घर-परिवार में सबसे रिश्ते मधुर होंगे। आज आपको जीवनसाथी से अच्छी खबर मिल सकती है। राजनीति से जुड़े हुए लोगो को आज वरिष्ठ व्यक्तियों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आप लाभ की स्तिथि में रहेंगे। जो लोग किसी स्टार्टअप को शुरू करना चाहते है, आज उनके पास बेहतरीन ऑफर मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी , बच्चों से खुशियां मिलेगी। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज अच्छा रिश्ता आएगा। लवमेट आज का दिन ख़ुशी से बिताएंगे, आज आप लोग मूवी देखने जा सकते है।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है, उनको आज बढ़िया डील मिलेगी। दोस्तों के साथ आज आप अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, उनको किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे आपको बिजनेस में ग्रोथ मिलेगी। जीवनसाथी से रिश्ते मधुर होंगे। आज आप परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। डिजिटल दुनिया से जुड़े लोगो को आज एक नयी दिशा मिलेगी।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने वालों को आज दोगना लाभ होगा। आज आप पैसों के लेन -देंन से बचकर रहे , किसी अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करे। रोजगार में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे, पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा होगा।

**कुम्भ राशि:** आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी, जीवनसाथी के साथ आज आप डिनर पर जायेंगे। मेडिकल के स्टूडेंट को आज अनुभवी डॉक्टरों से मिलने का अवसर मिलेगा।

**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपके लाभ की स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च कर सकते है जमीन-जायदाद के मामले में आज आपको कोर्ट-कचहरी से बड़ी राहत मिलने वाली है। आज आप अपने घर पर किसी अनुष्ठान का आयोजन कर सकते है। आज का दिन छात्रों के लिए बेहतर रहेगा, शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। महिलाओं को आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

# संपत्ति विरासत के विवाद आम है!

//रजनीश कपूर//

**भारत में संपत्ति विरासत के मुख्यत: दो आधार होते हैं। वसीयतनामा (विल) और उत्तराधिकार कानून (सक्सेशन लॉ)। यदि किसी व्यक्ति ने वैध वसीयत बनाई है, तब संपत्ति उसी के अनुसार बांटी जाती है। अगर वसीयत में कोई गड़बड़ी या विवाद है, या अगर वसीयत ही नहीं है, तो 1925 का इंडियन सक्सेशन एक्ट लागू होता है। संपत्ति और वसीयत पर शायद किसी ने खूब लिखा है, अगर लिखोगे वसीयत अपनी, तो जान पाओगे ये हकीकत। तुम्हारी अपनी ही मिल्कियत में, तुम्हारा हिस्सा कहीं नहीं है।**

प्रसिद्ध लोगों की संपत्ति का बंटवारा अक्सर विवादों के घेरे में रहता है। हाल ही में करिश्मा कपूर और उनके पूर्व पति, उद्योगपति संजय कपूर की संपत्ति को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे विवाद ने समाज और कानूनी व्यवस्था के कई पहलुओं को उजागर किया है। इस संपत्ति विवाद का विश्लेषण करने पर यह साफ़ होता है कि न सिर्फ़ कपूर परिवार बल्कि पूरे देश के अनेक धनी परिवारों में यह समस्या आम है और अक्सर इसमें परिवारजनों के निजी रिश्ते और कानूनी पेचिदगियां उलझ जाती हैं।

संजय कपूर की मौत के बाद उनकी संपत्ति, जिसका मूल्य लगभग 30,000 करोड़ रुपये आंका जाता है, को लेकर करिश्मा कपूर की बेटी समायरा और बेटा कियान ने अपनी सौतेली माँ प्रिया सचदेव कपूर और अन्य पर आरोप लगाया कि वे दोनों बच्चों के अधिकारों को हड़प रही हैं। उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें संजय कपूर के अंतिम वसीयत की वैधता को भी चुनौती दी गई है। बच्चों के वकील ने आरोप लगाया कि वसीयत में गंभीर गलतियाँ हैं तथा उसे मरने के सात हफ्ते बाद ही प्रस्तुत किया गया।

बच्चों का कहना है कि उनके पिता ने उन्हें उनकी हिस्सेदारी का आश्वासन दिया था, लेकिन अचानक पेश की गई वसीयत में उनकी संपत्ति का कोई जिक्र नहीं है। दूसरी तरफ, प्रिया सचदेव कपूर की ओर से दावा किया गया है कि समायरा और कियान को पहले ही आर. के. परिवार ट्रस्ट के माध्यम से 1900 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। लेकिन बच्चों के अनुसार उन्हें अभी तक उस धन की कोई भी किश्त नहीं मिली है। इस गंभीर कानूनी लड़ाई में संजय कपूर की मां, रानी कपूर ने भी अपनी बहू प्रिया के विरुद्ध अदालत में आरोप लगाए हैं कि वसीयत में गड़बड़ी हुई है और उनकी सहमति के बिना संपत्ति का हस्तांतरण किया जा रहा है।

भारत में संपत्ति विरासत के मुख्यत: दो आधार होते हैं। वसीयतनामा (विल) और उत्तराधिकार कानून (सक्सेशन लॉ)। यदि किसी व्यक्ति ने वैध वसीयत बनाई है, तब संपत्ति उसी के अनुसार बांटी जाती है। अगर वसीयत में कोई गड़बड़ी या विवाद है, या अगर वसीयत ही नहीं है, तो 1925 का इंडियन सक्सेशन एक्ट लागू होता है। ज्यादातर संपत्ति विवाद इन स्थितियों में आते हैं, वसीयत की प्रमाणिकता (छेड़छाड़ या जबरन तैयारी), सभी वैध उत्तराधिकारियों को उनका हक़ न मिलना, वसीयत के कानूनी तकनीकी मुद्दे (साक्ष्य, गवाह, तिथि या चिकित्सीय स्थिति) या परिवार के भीतर भावनात्मक और सामाजिक टकराव।

सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में पारिवारिक संपत्ति विवादों पर फैसले दिए हैं, जो भारत में वसीयत और उत्तराधिकार कानून को स्पष्ट करते हैं। इनमें संयुक्त वसीयत की वैधता और उत्तराधिकारियों को उचित हिस्सा देने के दिशा-निर्देश शामिल हैं। कुछ मामलों में अदालतों ने संयुक्त वसीयत को मान्यता देते हुए उत्तराधिकारियों को मुआवजा भी दिया है।

संपत्ति विवाद को सुलझाने के लिए अदालत सबसे पहले वसीयत की प्रमाणिकता की जांच करती है। वसीयत को नियमित रूप से कानूनी तौर पर पंजीकृत होना चाहिए और उसके साक्ष्य होने चाहिए (गवाहों की उपस्थिति, दस्तावेज़ की तिथि, संपत्ति का स्पष्ट उल्लेख)। अगर वसीयत वैध साबित होती है, तो संपत्ति उसी के अनुसार बाँटी जाती है। यदि वसीयत साबित नहीं होती या कोई ग़लतफ़हमी होती है, तब अदालत उत्तराधिकार कानून के अनुसार बहनों, बच्चों, पत्नी, माता-पिता आदि को संपत्ति में समान हिस्सा देती है।

देश के कई अमीर और बड़े परिवारों में विरासत का विवाद पुराना है। अम्बानी, मोदी, ओबेरॉय, कपूर इत्यादि परिवारों में धन और वर्चस्व की लड़ाई कानून और मीडिया के केंद्र में आई है। मुख्य कारण हैं, परिवार में संवाद की कमी और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा, पारिवारिक ट्रस्ट और जटिल शेयरधारिता संरचनाएँ, जिस व्यक्ति की सम्पत्ति है, उसकी अंतर्निहित इच्छा स्पष्ट न होना या कानूनी दस्तावेज़ों की तकनीकी गलतियाँ तथा खुदगर्जी।

इन घटनाओं से समाज और कानून के लिए कुछ महत्वपूर्ण सबक हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी वसीयत स्पष्ट, पारदर्शी और कानूनी रूप से दर्ज करानी चाहिए। परिवारजनों को संवाद के ज़रिए विवाद सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए, न कि सार्वजनिक रूप से लड़ाई को बढ़ाना चाहिए। अदालतें न्याय देने में निष्पक्ष रहती हैं, लेकिन लंबी कानूनी लड़ाइयों से परिवार का नुकसान और समाज की संसाधनों की बर्बादी होती है। बड़े पैमाने पर संपत्ति की पारदर्शिता जरूरी है ताकि भावी पीढ़ी संपत्ति विवादों से बच सके।

संजय कपूर और करिश्मा कपूर के बच्चों का संपत्ति विवाद इस बात का प्रतीक है कि संपत्ति के बंटवारे का मसला केवल पैसों तक सीमित नहीं, बल्कि यह रिश्तों, विश्वसनीयता और सामाजिक पहचान से भी जुड़ा है। भारत में वसीयत और संपत्ति का बंटवारा केवल क़ानून का सवाल नहीं, बल्कि यह परिवार की संस्कृति, संवाद और इमानदारी का भी प्रतिबिंब है। जिस समाज में पारदर्शिता और न्याय को प्राथमिकता मिलेगी, वही अपने भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित संपत्ति अधिकार दे सकेगा। संपत्ति और वसीयत पर शायद किसी ने खूब लिखा है, अगर लिखोगे वसीयत अपनी, तो जान पाओगे ये हकीकत। तुम्हारी अपनी ही मिल्कियत में, तुम्हारा हिस्सा कहीं नहीं है।

# कही दिल्ली पेयजल की प्यासी न हो जाए!

//विनीत नारायण//

**गौरतलब है कि अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी पानी के अभाव के कारण मात्र 15 सालों में ही उजड़ गई थी। दिल्ली का संकट केवल एक चेतावनी है। आने वाले वर्षों में संकट और बढ़ेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक़, यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक देश के आधे बड़े शहर 'जल-विहीन' क्षेत्रों की श्रेणी में आ सकते हैं। इसलिए अब समय है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनाएँ। इस वर्ष देश भर में हुई भारी बारिश और जल प्रलय के बावजूद भारत के शहरी क्षेत्रों में जल संकट है। पेयजल संकट आशंका नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे महानगर, जो आर्थिक प्रगति और आधुनिक जीवनशैली के प्रतीक हैं, अब जल प्रबंधन की विफलता के गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। हाल ही में दिल्ली के वसंत कुंज क्षेत्र में तीन बड़े मॉल और आसपास की सप्लाई के पूरी तरह ठप हो जाने से यह संकट फिर सुर्ख़ियों में आया।**

इन प्रतिष्ठानों को बंद करने की नौबत इसलिए आ गई है क्योंकि टैंकरों से इनकी जल आपूर्ति रुक गई, जबकि भूजल दोहन (ग्राउंड वॉटर बोरिंग) पर पहले से ही एनजीटी ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह स्थिति केवल अस्थायी तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे प्रशासनिक और नैतिक संकट की ओर संकेत करती है। पिछले सात दशकों में खरबों रुपया जल प्रबंधन पर खर्च किए जाने के बावजूद ऐसा है तो आखिर क्यों।

दिल्ली महानगर की जनसंख्या 2 करोड़ से अधिक है। इससे जल आपूर्ति की व्यवस्था लंबे समय से दबाव में है। दिल्ली जल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शहर में प्रतिदिन करीब 1,000 मिलियन गैलन पानी की मांग है, जबकि उपलब्धता मुश्किल से 850 मिलियन गैलन तक पहुँच पाती है। वसंत कुंज जैसे पॉश इलाकों में भी पिछले कुछ वर्षों से पानी की टंकियों और निजी टैंकरों पर निर्भरता बढ़ी है। परंतु इस बार स्थिति पहले से कहीं अधिक भयावह हो गई क्योंकि प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक कारणों से टैंकरों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इस निर्णय का सबसे बड़ा असर व्यापारिक केंद्रों जैसे मॉल्स, रेस्तरां और दुकानों पर पड़ा है।

इन मॉल्स में हज़ारों कर्मचारी काम करते हैं और प्रतिदिन लाखों ग्राहक आते हैं, बिना पानी के ऐसी व्यवस्था एक दिन भी नहीं चल सकती। शौचालय, सफाई, भोजनालय, अग्निशमन प्रणाली, सब कुछ जल आपूर्ति पर निर्भर हैं। जब टैंकरों की आपूर्ति रुकी, तो केवल व्यापार ही नहीं, आसपास के आवासीय समाज भी संकट में पड़ गए।

दिल्ली सरकार ने कुछ वर्ष पहले भूजल दोहन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था। उद्देश्य यह था कि गिरते जलस्तर को रोका जाए। यह पहल पर्यावरणीय दृष्टि से आवश्यक था, क्योंकि लगातार बढ़ते दोहन ने दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में भूजल को 300 फीट से भी अधिक नीचे पहुँचा दिया था। लेकिन सवाल यह है कि क्या पहले वैकल्पिक व्यवस्था पर्याप्त रूप से विकसित की गई। जब सरकार ने ग्राउंड वॉटर बोरिंग को गैरकानूनी घोषित किया, तब उसके समानांतर रूप में मजबूत टैंकर नेटवर्क, पुनर्चक्रण संयंत्र और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने चाहिए थे। दुर्भाग्यवश, नीतियाँ बनीं पर उनका कार्यान्वयन अधूरा रह गया। परिणामस्वरूप, लोग न तो कानूनी तरीके से पानी निकाल सकते हैं, न सरकारी वितरण पर भरोसा कर सकते हैं। सोचने वाली बात यह है कि यदि जाड़ों में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा। दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पानी की आपूर्ति से जुड़ा टैंकर कारोबार वर्षों से विवादों में रहा है। कई जगह यह सार्वजनिक सेवा से अधिक निजी व्यवसाय बन चुका है। अधिकारियों और टैंकर ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के आरोप नए नहीं हैं। दिल्ली में जल आपूर्ति में आई यह हालिया बाधा भी ऐसे ही भ्रष्टाचार की परतें उजागर करती प्रतीत होती है। त्योहारों के मौसम में जब पानी की मांग बढ़ जाती है, घरों में सजावट, साफ-सफाई और उत्सव आयोजन अधिक होते हैं। ऐसे समय पर टैंकरों की आवाजाही पर प्रतिबंध या 'तकनीकी समस्या' का बहाना बना देना संदेह उत्पन्न करता है। कई स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ जल एजेंसियों ने टैंकरों की उपलब्धता को कृत्रिम रूप से सीमित कर कीमतें बढ़ाने की कोशिश की है। इससे न केवल आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा, बल्कि मॉल्स और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करने की स्थिति आ गई। अगर यह सही हैं, तो यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक दिवालियापन का उदाहरण है। जल जैसी बुनियादी संपदा के साथ ऐसा बर्ताव किसी नागरिक समाज में अक्षम्य अपराध है। भारत में जल नीति के कई स्तर हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और नगरपालिका निकाय सभी अपने ढंग से मनमानी में काम करते हैष राष्ट्रीय जल नीति (2012) कहती है कि हर नागरिक को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण पेयजल मिलेगा, पर छोटे शहरों को तो छोड़ें, दिल्ली जैसे शहरों में भी वास्तविकता इसके उलट है। नगरपालिकाएँ रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता घोषित करती हैं, पर अधिकांश इमारतों में यह प्रणाली केवल कागज़ों पर मौजूद है। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की क्षमता भी इस संकट का सामना करने के लिए अपर्याप्त है। यमुना का प्रदूषण भी दिल्ली की जल आपूर्ति पर सीधा असर डालता है। यदि यमुना से शुद्ध जल नहीं मिलेगा, तो शहर को बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ेगा, जिससे राजनीतिक टकराव बनते हैं। हालाँकि नीति-निर्माण और कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी सरकार पर है, पर नागरिक भी निर्दोष नहीं हैं। शहरी समाज में जल का अनावश्यक उपयोग आम बात है। बागवानी में अत्यधिक पानी, कार धोने में व्यर्थ बहाव, और रिसाव की अनदेखी। स्वच्छ भारत मिशन या हर घर जल जैसे अभियान व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर अपनाए जा सकते हैं। मॉल्स और हाउसिंग सोसाइटीज़ में यह व्यवस्था अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि टैंकरों पर निर्भरता घटे। दिल्ली का वर्तमान संकट केवल एक चेतावनी है। आने वाले वर्षों में संकट और बढ़ेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक़, यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक देश के आधे बड़े शहर 'जल-विहीन' क्षेत्रों की श्रेणी में आ सकते हैं। इसलिए अब समय है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनाएँ। गौरतलब है कि अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी पानी के अभाव के कारण मात्र 15 सालों में ही उजड़ गई थी। महानगरों में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली को सख्ती से लागू करना जरूरी है। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की संख्या और क्षमता बढ़ाना भी। टैंकर संचालन को पारदर्शी और जीपीएस-नियंत्रित बनाना आवश्यक है ताकि रिश्वतखोरी पर रोक लगे। यमुना जैसी नदियों की सफाई और उसके पुनर्जीवन को प्राथमिकता देनी चाहिए। पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त कानून और जनजागरूकता अभियान भी चाहिए। इन कदमों के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जल प्रबंधन केवल संकट आने पर चर्चा का विषय न बने, बल्कि शहरी नियोजन की मूल नीति का हिस्सा हो।दिल्ली पर आया जल संकट याद दिलाता है कि पानी केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब हम इसे समझने में चूक करते हैं, तो सभ्यता के अस्तित्व पर भी प्रश्नचिह्न लग जाता है। यदि सरकार और नागरिक समाज अब भी इस संकट को गंभीरता से नहीं लेंगे, तो 'जल युद्ध' भविष्य का नहीं, वर्तमान का शब्द बनेगा। जलसंकट का समाधान केवल योजनाओं से नहीं, ईमानदार नीयत और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

## यूपी की राज्यपाल महिलाओं— बच्चों की बदहाली पर चुप क्यों?


उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर एक बार फिर चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने महिलाओं और छात्राओं को चेतावनी दी कि अगर सावधानी नहीं बरती गई तो परिणाम भयावह हो सकते हैं। पटेल का कहना है कि दूर रहें, वरना आप 50 टुकड़ों में मिलेंगी। यह टिप्पणी उनके पिछले दावे के ठीक अगले दिन आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि लिव-इन रिलेशनशिप का असर देखने के लिए किसी अनाथालय में जाना चाहिए, जहाँ 15 साल की लड़कियाँ अपने बच्चों के साथ कतार में खड़ी होती हैं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों और न्यायाधीशों के साथ बैठक में भी छात्रों को लिव-इन रिलेशनशिप से बचाने के उपाय सुझाए थे।

राज्यपाल पटेल का यह बयान निश्चित तौर पर युवतियों को जागरुक करने वाला और लिव इन रिलेशनशिप के खतरों से आगाह करने वाला है। सवाल यही है कि क्या उत्तर प्रदेश की युवतियों और महिलाओं के समक्ष यही एक खतरा है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने महिलाओं से जुड़े सिर्फ एक खतरे के सावचेत रहने की सीख दी है। लिव इन रिलेशनशिप के नकारात्मक पहलू हैं जरूर, लेकिन इस चलन अभी व्यापक रूप से नहीं है। महिला राज्यपाल उत्तर प्रदेश में महिलाओं से जुड़े अन्य खतरों को अनदेखा कर गई, क्योंकि शायद वहां भाजपा की सरकार है। अन्य खतरे लिव इन रिलेनशिप से कहीं ज्यादा गंभीर है। इनका निदान भी सरकार के लिए आसान नहीं है। राज्यपाल ने कभी इन खतरों का जिक्र तक नहीं किया। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,48,211 मामले दर्ज किए गए। इनमें उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 66,381 मामले, उसके बाद महाराष्ट्र में 47,101 और राजस्थान में 45,450 मामले दर्ज किए गए। इन तीनों राज्यों में से महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में वर्ष 2023 में भी भाजपा की सरकारें थी। ऐसे में भाजपा महिला अपराधों की जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। महिलाओं से जुड़े साइबर अपराधों में लखनऊ का देश में चौथा स्थान है, जिसमें अश्लील फोटो-वीडियो और फेक कंटेंट जैसे मामले शामिल हैं। इस श्रेणी में लखनऊ से आगे बैंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली हैं। उत्तर प्रदेश जहां महिला अपराधों में अग्रणी है, वहीं महिलाओं और बच्चों के अन्य मामलों में पिछड़ा हुआ है। देश के 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 63 जिलों में 50 फीसदी से अधिक बच्चे आंगनवाड़ियों में नामांकित हैं और कुपोषित पाए गए हैं, जिनमें से 34 जिले अकेले उत्तर प्रदेश के हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के जून 2025 के पोषण ट्रैकर के अनुसार महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और असम के कुछ जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 34 जिले ऐसे हैं जहां बच्चों में कुपोषण की दर 50 फीसदी से अधिक है। इसके बाद मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और असम का स्थान है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक स्वास्थ्य रिपोर्ट (2024-25) के अनुसार, विगत वर्षों में सुधार के बावजूद उत्तर प्रदेश भारत में सबसे अधिक बाल मृत्यु दर वाले राज्यों में शामिल है।

## तस्वीरों की दुनिया




केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह नई दिल्ली में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा आयोजित भगोड़ों का प्रत्यर्पण चुनौतियां और रणनीतियां पर सम्मेलन में भाग लेते हुए।



प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में श्री शिवाजी ध्यान मंदिर और श्री शिवाजी दरबार हॉल का दौरा करते हुए।



आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में आगमन पर भव्य रोड शो के दौरान उत्साही भीड़ द्वारा प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।




केंद्रीय रक्षा मंत्री, श्री राजनाथ सिंह पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ डिफेंस एंड एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी के उद्घाटन के अवसर पर एक समूह तस्वीर में।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर में 210 माओवादी कैडरों के आत्मसमर्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो युवा कभी माओवाद के झूठे विचारधारा के जाल में फंसे थे, उन्होंने आज संविधान, लोकतंत्र और विकास की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया है।

# विंटर एक्शन प्लान में देरी से बढ़ा दिल्ली में प्रदूषण

## असंवेदनशीलता को लेकर रेखा सरकार पर कांग्रेस ने फोड़ा ठीकरा



नईदिल्ली, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि राजधानी में प्रदूषण का स्तर भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता और विंटर एक्शन प्लान में देरी के कारण बढ़ा है। अगर प्लान समय से लागू हो जाता तो मौजूदा स्थिति शायद ऐसी नहीं होती।यादव ने कहा कि टूटी सड़कों से उड़ती धूल, गाड़ियों से निकलने वाला धुंआ, निर्माण कार्य के धूल कण, कूड़े के पहाड़ों से निकलने वाली जहरीली गैस और दिल्ली में कूड़ा प्रबंधन की अव्यवस्था के कारण दिल्ली की हवा में जहर घुल रहा है।

सर्दियों में प्रदूषण की खतरनाक से निपटने के लिए जो इंतजाम मानसून के खत्म होते ही करने थे, उन्हें देरी से किया गया। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदूषण रोकने में सहायक रोड़ डस्ट कंट्रोल के लिए 200 मैकेनिकल रोड़ स्वीपर, 70 इलेक्ट्रिक लिटर पिकर तथा रात में 38 टैंकर तैनात करने की घोषणा कर रहे है जबकि इन मशीनों के इस्तेमाल की बात मुख्यमंत्री ने मई में भी की थी। उन्होंने सवाल किया कि क्या आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार की तरह भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार भी दिल्ली वालों को जहरीली हवा में जीने के लिए ऐसे ही छोड़ देगी।

# प्रेसिडेंशियल रेफरेंस सुप्रीम इंतजार, 21 नवंबर से पहले आ सकता है संविधान पीठ का फैसला



नईदिल्ली, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से प्रेसेडेंशियल रेफरेंस से जुड़ी याचिका पर संविधान पीठ का फैसला आने तक इंतजार करने को कहा है। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि 21 नवंबर से पहले इस पर फैसला आ सकता है। तमिलनाडु सरकार ने शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025, पर राज्यपाल आरएन रवि को खुद फैसला लेने की बजाय बिल को राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजने के खिलाफ याचिका दायर की है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि संविधान पीठ का फैसला आने के बाद तमिलनाडु के बिल मुद्दे पर सुनवाई होगी। पीठ ने कहा कि 21 नवंबर (न्यायमूर्ति गवई की सेवानिवृत्ति) से पहले इस मामले में फैसला आ जाएगा। आपको चार हफ्ते इंतजार करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने 11 सितंबर को प्रेसिडेंशियल रेफरेंस से जुड़ी याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसमें कहा गया था कि क्या संविधान पीठ विधायिका से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा निर्धारित कर सकती है।सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी थी कि मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना राज्यपाल किसी बिल को राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए नहीं भेज सकते हैं।

सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि 2015 से 2025 के बीच राज्यपालों ने 381 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा है।मेहता ने कहा कि यदि इसे न्यायोचित माना जाए तो इन मुद्दों पर निर्णय के लिए स्थायी रूप से दो अलग-अलग पीठ बनानी होंगी। राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि आज सवाल यह है कि क्या राज्यपाल न्यायाधीश की तरह हर खंड की जांच कर सकते हैं।

## ट्रंप ने फिर दी गाजा पर सैन्य कार्रवाई शुरू होने की चेतावनी, हमास ने क्या कहा- अभी समय लगेगा

**नई दिल्ली 18 अक्टूबर।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के 19 बंधकों के शवों की वापसी के मुद्दे पर कोई समझौता न करने वाले बयान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा, हमास अगर सभी बंधकों के शव इजरायल को वापस नहीं करता है तो वह इजरायल को सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू करने के लिए ग्रीन लाइट दिखा देंगे।विदित हो कि ट्रंप की शांति योजना के तहत 10 अक्टूबर को गाजा पट्टी पर इजरायल के हमले बंद हो गए थे। इसके 72 घंटे के भीतर हमास को सभी जीवित 20 बंधक और 28 बंधकों के शव इजरायल को देने थे लेकिन अभी तक 19 शव नहीं दिए गए हैं। ट्रंप का बयान इसलिए भी मायने रखता है क्योंकि गुरुवार को नेतन्याहू के बयान के बाद इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गाजा में नियुक्त सैन्य कमांडरों को हमले फिर से शुरू करने की योजना बनाने के निर्देश दिए थे।

# बंगाल में 24 वर्षों में बदल गया मतदाता सूची का पूरा गणित, कई चौंकाने वाले आंकड़े आए सामने



**कोलकाता।** बंगाल में पिछले 23 वर्षों में मतदाता सूची का पूरा गणित ही बदल गया है। राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू होने से पहले मैचिंग- मैपिंग में जो तथ्य सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। राज्य के सात जिलों की 2002 व 2025 की मतदाता सूची में भारी अंतर पाया गया है। 2025 की सूची में ऐसे 40-45 प्रतिशत मतदाताओं के नाम शामिल हैं, जिनका 2002 की सूची में नामोनिशान नहीं हैं। विश्लेषकों का कहना है कि मतदाता सूची में साल-दर-साल नए मतदाताओं के नाम जुड़ने पर भी यह आंकड़ा कहीं अधिक है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों के अनुसार बाकी जिलों में भी इसी तरह के भारी अंतर वाले आंकड़े सामने आने की संभावना हैं। बंगाल में पिछली बार एसआईआर 2002 में हुआ था। झाड़ग्राम में सिर्फ 51.36 प्रतिशत लोगों के नाम 2002 व 2025, दोनों समय की मतदाता सूची में मिले हैं। बाकी के नाम सिर्फ 2025 की सूची में हैं। कलिंपोंग में 65.27 प्रतिशत, अलीपुरद्वार में 53.73 प्रतिशत, कोलकाता (नार्थ) में 55.35 प्रतिशत, मालदा में 54.49 प्रतिशत, पुरुलिया में 61.29 प्रतिशत व मेदिनीपुर में 62.94 प्रतिशत मतदाताओं के नाम दोनों सूची में हैं। सीईओ कार्यालय ने एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने से पहले मतदाता सूची से 100 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों के नाम हटाए हैं। विदेशी आंचलिक पंजीकरण कार्यालय ने बंगाल के 10 जिलों में 112 लोगों को बांग्लादेशी नागरिक के तौर पर चिन्हित किया था, उसी आधार पर यह कार्रवाई हुई है। आने वाले दिनों में और भी बांग्लादेशियों के नाम हटाए जाएंगे। चुनाव आयोग ने बंगाल के 78 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को तत्काल बदलने का निर्देश दिया हैं। इनकी नियुक्ति निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करके की गई है।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाम फूट डालो, राज करो कांग्रेस-सपा पर जमकर बरसे योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ।** सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर शुक्रवार को हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और आईएनडीआईए गठबंधन अंग्रेजों की फूट डालो-राज करो नीति को आज भी अपनाए हुए हैं। ये दल समाज में जाति, पंथ और मजहब के आधार पर फूट डालने का काम कर रहे हैं ताकि देश की एकता और अखंडता कमजोर हो। हमारा संकल्प एक भारत-श्रेष्ठ भारत का है। अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जो भारत एकजुट दिखता है, वह सरदार पटेल की देन है। उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष से हर वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विपक्ष जब समाज को बांटने की राजनीति कर रहा है, तब भाजपा की जिम्मेदारी है कि एकता और अखंडता के संदेश को हर गांव और हर विधान सभा क्षेत्र तक पहुंचाया जाए।मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 अक्टूबर को 'रन फार यूनिटी' का आयोजन पूरे प्रदेश में होगा। इसके बाद एक नवंबर से 26 नवंबर तक हर विधान सभा क्षेत्र में आठ से 10 किलोमीटर लंबी 'एकता पदयात्रा' निकाली जाएगी। इसमें सेना के रिटायर्ड जवान, अन्नदाता, श्रमिक, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड सभी को जोड़ा जाएगा। हर दो किलोमीटर पर पड़ाव होगा, जहां समाज से संवाद कायम करते हुए एकता का संदेश दिया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि आज हमारा देश सांस्कृतिक रूप से हर दृष्टि से एकजुट और समर्पित होकर पटेल के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अभियान का उद्देश्य वर्तमान भारत के युवाओं में एकता, देशभक्ति व जिम्मेदार नागरिक की भावना जगाना है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आमजन को सरदार पटेल के जीवन चरित्र से अवगत कराने के लिए संगठन ने कार्यक्रमों की वृहद रूपरेखा तैयार की है।प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक जिले से पांच प्रतिनिधि गुजरात के करमसद जाएंगे और सरदार वल्लभ भाई पटेल मे जन्म स्थान से प्रारंभ होने वाली यात्रा में शामिल होंगे।

## केन्या के पूर्व पीएम ओडिंगा के राजकीय अंत्येष्टि समारोह के दौरान भगदड़, 18 घायल

**नैरोबी 18 अक्टूबर।** केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा के राजकीय अंत्येष्टि समारोह के दौरान एक फुटबाल स्टेडियम में भगदड़ मचने से 18 लोग घायल हो गए। ओडिंगा का इस सप्ताह भारत में 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। इससे पहले गुरुवार को एक सार्वजनिक दर्शन समारोह के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें पुलिस फायरिंग से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हुए थे।राजधानी नैरोबी के स्टेडियम में जब राजकीय अंत्येष्टि समारोह शुरू हुआ तो भीड़ में से कुछ लोग ओडिंगा के पार्थिव शरीर को देखने के लिए आगे बढ़ गए, जिससे वहां भगदड़ मच गई। घायल 18 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टेडियम में हजारों लोग मौजूद थे।

# कुछ नेताओं ने सुभासपा को किया नजरअंदाज, ओपी राजभर ने बिहार भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप



**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि बिहार भाजपा के कुछ प्रमुख नेताओं ने व्यक्तिगत स्वार्थ में बिहार चुनाव में पार्टी को नजरअंदाज किया। उन नेताओं का यह व्यवहार गठबंधन धर्म के खिलाफ है। बिहार की जनता के साथ अन्याय भी है। सुभासपा बिहार में जनसंपर्क जारी रखेगी और जनता के बीच जाकर सामाजिक न्याय की आवाज उठाती रहेगी। पुरनिया चौराहा स्थित लोहिया भवन में आयोजित सुभासपा की प्रदेश स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजभर ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि अभी तक मैं अस्वस्थ था, स्वस्थ होते ही आप लोगों के बीच आया हूं। बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी लगातार प्रत्याशियों की घोषणा कर रही है। बिहार में जनसभाओं, रैलियों, संगठन विस्तार और जनता के बीच जनसंपर्क के माध्यम से पार्टी ने मजबूत जनाधार तैयार किया है। सुभासपा का यह मानना था कि बिहार में भी एनडीए गठबंधन के साथ मिलकर एक मजबूत, स्थिर और सर्वसमावेशी सरकार बनाई जाए। एनडीए यदि सुभासपा के संगठन, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और जनता में उनकी पकड़ का उपयोग करती तो इसका लाभ बिहार चुनाव में मिलता।

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सुभासपा संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार देने का संकल्प लेने का आह्वान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से किया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर ने जिन सिद्धांतों को लेकर लड़ाई शुरू की है, उसमें वह सफल होंगे। जो इनकी जुबान है वही मेरी जुबान है। उन्होंने पंचायत चुनाव में पूरी मजबूती से ताकत दिखाने की बात कही। कहा कि पंचायत चुनाव में भारी जीत वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत की तैयारी होगी। हम लोग तीसरी बार राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे।

## भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की होगी भारत वापसी, प्रत्यर्पण को एंटवर्प कोर्ट ने दी मंजूरी



**बेल्जियम 18 अक्टूबर।** एंटवर्प की एक अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी और कहा कि भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा मेहुल की गिरफ्तारी वैध थी। घटनाक्रम से अवगत अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मेहुल के पास बेल्जियम के हाई कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है।वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आदेश हमारे पक्ष में आया है। अदालत ने भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा की गई मेहुल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया है। इस मामले में मजबूती से पक्ष रखने में विदेश मंत्रालय और सीबीआइ के भारतीय अधिकारियों ने बेल्जियम के अभियोजकों को मदद की।अधिकारियों ने बताया कि अभियोजकों ने अदालत को बताया कि उसके फरार होने का खतरा बना हुआ है और उसे जेल से रिहा नहीं किया जा सकता। सितंबर में हुई सुनवाई के दौरान बेल्जियम के अभियोजकों और चोकसी के बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि उसकी गिरफ्तारी वैध थी। सीबीआई द्वारा भेजे गए प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर चोकसी को 11 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। उस देश की विभिन्न अदालतों ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं।गौरतलब है कि भारत ने बेल्जियम के अधिकारियों को यह भी आश्वासन दिया है कि यदि मेहुल को प्रत्यर्पित किया जाता है, तो उसे मुंबई के आर्थर रोड जेल में बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। मेहुल और उसका भांजा नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक में 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित हैं।

# एक मिनट देर से पहुंचे मंत्री जयंत राज कुशवाहा, नहीं हो सका नामांकन

बांका, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

अमरपुर विधान सभा क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार के तौर पर नामांकन के लिए पहुंचे बिहार के भवन निर्माण मंत्री सह अमरपुर के जदयू विधायक जयंत राज कुशवाहा शुक्रवार को निराश होकर लौट गये। निर्धारित समय तीन बजे से एक मिनट देर से पहुंचने के कारण आरओ सह एडीएम अजीत कुमार ने नामांकन नहीं लिया। इस बाबत मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग के नियम का पालन उन्होंने किया है। अब नामांकन शनिवार को कराया जाएगा। इस दौरान उनके एनडीए समर्थक निराश होकर लौट गए। अब मंत्री का नामांकन आज होगा। विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। पांचवां दिन पांचों विधानसभा सीटों से कुल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। जबकि एनडीए, महागठबंधन और निर्दलीय सहित 17 प्रत्याशियों ने नाजिर रसीद कटवाकर चुनावी जंग में उतरने की तैयारी कर ली है। बांका विधानसभा से शुक्रवार को भाजपा



प्रत्याशी के रुप में वर्तमान विधायक रामनारायण मंडल, निर्दलीय उमाकांत यादव और मनोज सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बेलहर विधानसभा से एनडीए गठबंधन के जदयू प्रत्याशी विधायक मनोज यादव और निर्दलीय ललन कुमार ने नामांकन किया। अमरपुर विधानसभा में महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में सहकारिता बैंक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह और निर्दलीय रितेश कुमार झा ने पर्चा भरा है। वहीं सुरक्षित सीट कटोरिया से भाजपा प्रत्याशी पूरण लाल टुडू ने नामांकन किया है। नामांकन के बाद उम्मीदवारों ने अलग-अलग अपने चुनावी सभा को भी संबोधित किया है।धोरैया विधानसभा से शुक्रवार को किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया।

नामांकन के अलावा बांका विधानसभा से राजद के जावेद इकबाल अंसारी, जनसुराज पार्टी के चंदन सिंह, गणतंत्रित समाज पार्टी के गोपाल शर्मा, आम नागरिक पार्टी की सरिता कुमारी, कौशल सिंह और संजय कुमार ने नाजिर रसीद कटवाया है। धोरैया विधानसभा से जनसुराज पार्टी के सुमन पासवान और लोक शक्ति पार्टी के रजनीश कुमार ने नाजिर रसीद कटाई है।कटोरिया विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सुशीला हेम्ब्रम ने नाजिर रसीद कटवाकर नामांकन की तैयारी पक्की की है। अमरपुर विधानसभा से जनसुराज पार्टी की सुजाता वैद्य, आम आदमी पार्टी के मु. जाकिर हुसैन और निर्दलीय नजराना परवीन ने नाजिर रसीद कटवाया है।वहीं बेलहर विधानसभा से भारतीय दलित पार्टी के अमृत तांती, जागरूक जनता दल के अजय शर्मा, निर्दलीय महक अंजुम, बालेश्वर यादव और गिरधारी कुमार ने नाजिर रसीद कटवाकर चुनावी मैदान में उतरने का संकेत दिया है।

## मंजू वर्मा के आर्म्स एक्ट मामले में फैसला टला, अब निर्णय की तारीख 30 अक्टूबर



बेगूसराय, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपित पूर्व मंत्री मंजू वर्मा के मामले में अब 30 अक्टूबर को फैसला आएगा। बेगूसराय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने निर्णय नहीं देकर इसकी तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की है। इस मामले में न्यायाधीश शुक्रवार को ही निर्णय देने वाले थे, परंतु मंजू वर्मा की ओर से उनके अधिवक्ता विजय महाराज ने एक आवेदन देकर न्यायाधीश से निर्णय की तिथि बढ़ाने की अपील की। इसके बाद आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए न्यायाधीश ने अगली तिथि मुकर्रर की है। बताते चलें कि मुजफ्फरपुर शेल्टर होम में शोषण के मामले में सीबीआई ने पूर्व मंत्री मंजू वर्मा के पटना एवं बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनटोल स्थित आवास पर 17 अगस्त 2018 को एक साथ छापेमारी की थी।इसमें अर्जुनटोल स्थित आवास से हथियार एवं 50 गोली सीबीआई ने बरामद कर चेरिया बरियारपुर पुलिस के हवाले किया था। उक्त मामले में सीबीआई के डीएसपी उमेश कुमार के आवेदन पर पूर्व मंत्री एवं उनके पति के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी कराई गई थी। यह भी उल्लेखनीय है कि मंजू वर्मा के पुत्र अभिषेक कुमार को जदयू ने चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है।

# बांग्लादेश का नया जन्म : जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ यूनुस ने किया ऐलान, छात्र कर रहे विरोध



ढाका, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।


बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को कहा कि जुलाई चार्टर नामक एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर के साथ नया बांग्लादेश का जन्म हुआ है। इस समारोह का बहिष्कार उनके प्रमुख सहयोगी, छात्र-नेतृत्व वाले नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने किया।मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी सहित 25 दलों ने इस पर हस्ताक्षर किए। यह चार्टर, जो युनुस की अध्यक्षता में स्थापित राष्ट्रीय सहमति आयोग और राजनीतिक दलों के बीच लंबी बातचीत के बाद तैयार किया गया, विभिन्न क्षेत्रों के लिए 80 से अधिक सुधार प्रस्तावों को शामिल करता है। युनुस ने कहा, यह एक नए बांग्लादेश का जन्म है, जब विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने संसद परिसर में इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इस वर्ष यूनुस के आशीर्वाद से स्थापित छात्र-नेतृत्व वाले एनसीपी ने चार्टर पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। एनसीपी ने आरोप लगाया कि इसे कानूनी आधार सुनिश्चित किए बिना हस्ताक्षरित किया गया।पार्टी के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल धोखा देकर (राष्ट्रीय) सहमति के नाम पर दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

हस्ताक्षर समारोह से कुछ घंटे पहले राष्ट्रीय सहमति आयोग ने घोषणा की कि उसने चार्टर के एक प्रविधान में संशोधन किया है, जिसमें जुलाई के लड़ाकों को उनके विद्रोह के दौरान की भूमिका के लिए क्षमा किया गया है। एनसीपी को मनाने के लिए संशोधित मसौदे में फासीवादी अवामी लीग शब्द भी शामिल किया गया। बांग्लादेश पुलिस ने संसद के निकट एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का प्रयोग किया। जब उन्होंने क्षेत्र को खाली करने से इन्कार कर दिया तो पुलिस ने लाठियों तथा ध्वनि ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। यह घटना जुलाई चार्टर के संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने की अ‌निश्चितता के बीच हुई। सैकड़ों प्रदर्शनकारी जुलाई चार्टर के हस्ताक्षर समारोह के लिए बनाए गए मंच के सामने एकत्रित हुए। जब सुरक्षा बलों के सदस्यों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारी नारे लगाने लगे। उन्होंने दो पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाया, अस्थायी स्वागत कक्ष, अस्थायी नियंत्रण कक्ष और सांसद भवन के सामने बनाए गए फर्नीचर में आग लगा दी।

# पुतिन की सम्मानजनक मेजबानी को तैयार हंगरी बुडापेस्ट में ट्रंप-रूसी राष्ट्रपति की मुलाकात की तैयारी शुरू

मॉस्को, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात दो हफ्ते के भीतर अर्थात इसी महीने बुडापेस्ट में हो सकती है। लेकिन इससे पहले दोनों देशों को मुलाकात को सार्थक बनाने के लिए बहुत काम करना होगा। पुतिन और ट्रंप के बीच गुरुवार को हुई लगभग दो घंटे की टेलीफोन वार्ता में दोनों नेता यूक्रेन युद्ध पर वार्ता के लिए एक बार फिर मिलने पर सहमत हुए हैं। इससे पहले 15 अगस्त को दोनों नेताओं की अमेरिका के अलास्का में मुलाकात हुई थी। लेकिन इस बार की मुलाकात हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में होगी। हंगरी यूरोपीय यूनियन का सदस्य है लेकिन उसके प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन के रूसी राष्ट्रपति पुतिन से अच्छे रिश्ते हैं। शुक्रवार को पुतिन की हंगरी के प्रधानमंत्री से टेलीफोन पर वार्ता भी हुई। हंगरी ने क हा है कि वह राष्ट्रपति पुतिन की सम्मानजनक मेजबानी के लिए तैयार है।उल्लेखनीय है कि यूक्रेनी बच्चों के अपहरण और उन्हें बंधक बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने पुतिन की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी कर रखा है, इस कारण पुतिन अपनी विदेश यात्राओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात से एक दिन पहले पुतिन से बात की और हंगरी में मुलाकात का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। इसका असर ट्रंप और



जेलेंस्की की मुलाकात पर पड़ना तय है। वार्ता से पहले व्हाइट हाउस ने संकेत दिया है कि राष्ट्रपति ट्रंप फिलहाल यूक्रेन को 2,500 किलोमीटर तक मार करने वाली टामहाक क्रूज मिसाइल देने की अनुमति नहीं देने जा रहे हैं।जेलेंस्की लंबे समय से अमेरिका से लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल मांग रहे हैं जिनसे यूक्रेनी सेना रूस के अंदरूनी इलाकों पर हमले कर सके। लेकिन रूस ने इस मिसाइल की आपूर्ति और इस्तेमाल होने पर युद्ध के और ज्यादा भड़कने की चेतावनी दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव जल्द ही अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो से बात कर मिलने का कार्यक्रम तय करेंगे। दोनों ही विदेश मंत्री पुतिन और ट्रंप की मुलाकात का कार्यक्रम और विचारणीय बिदुओं को निर्धारित करेंगे। पेस्कोव ने कहा है कि दोनों नेता कई बिंदुओं पर चर्चा करेंगे और निर्णय लेंगे लेकिन चर्चा के बिंदु और उनका क्रम क्या हो, इसका निर्धारण पहले होगा। पेस्कोव ने कहा है कि रूस हमेशा से यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान का इच्छुक रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मुलाकात के लिए हंगरी को इसलिए चुना गया क्योंकि हम दोनों ही वहां के प्रधानमंत्री आर्बन को पसंद करते हैं। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि पुतिन के साथ उनकी मुलाकात से अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि इस वार्ता से उन्हें कोई उम्मीद नहीं है। पुतिन केवल समय निकाल रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 11 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे। वहां उन्होंने गाजा में युद्ध रुकवाने के लिए ट्रंप को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह इसी तरह से यूक्रेन में भी युद्ध रुकवाएंगे।जेलेंस्की की अपेक्षा अमेरिका से लंबी दूरी तक मार करने वाली टॉमहॉक क्रुज मिसाइल और अन्य हथियारों की है जिनसे वह रूस पर हमले कर सकें। लेकिन ट्रंप ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह कुछ ही दिनों में रूसी राष्ट्रपति से मिलकर युद्ध रुकवाने का प्रयास करेंगे, इसलिए फिलहाल युद्ध को भड़काने वाले हथियारों से बचा जाना चाहिए।-पुतिन के सलाहकार किरिल दिमित्रएव ने रूस और अमेरिका के संबंध विकसित करने के लिए बेरिंग स्ट्रेट के नीचे से रूस और अमेरिका को जोड़ने वाली रेल टनल बनाने का प्रस्ताव रखा है। 112 किलोमीटर लंबी इस रेल टनल को पुतिन-ट्रंप टनल कहा जाएगा।

# धनतेरस पर धन्वंतरि पूजा से होती है आरोग्य की प्राप्ति

हिन्दू धर्म में दीवाली पर्व की शुरुआत धनतेरस से होती है। धनतेरस का त्योहार हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदयशी तिथि को मनाते हैं। धनतेरस को प्रदोष काल में माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा की जाती है। इस दिन सोना, चांदी, बर्तन और नई वस्तुएं खरीदना बहुत शुभ होता है तो आइए हम आपको धनतेरस पर्व का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

जानें धनतेरस के बारे में

पंचदिवसीय त्योहार दीवाली जल्द ही शुरू होने वाला है, जिसका आरंभ धनतेरस से होता है। वहीं, भाई दूज के साथ इसका समापन होता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर देवता की विधि-विधान से पूजा की जाती है। धनतेरस के दिन खरीदारी करने का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा करने से अरोग्य की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

**शुभ मुहूर्त** -पंडितों के अनुसार 18 अक्टूबर, शनिवार के दिन त्रयोदशी तिथि का आरंभ दोपहर में 12 बजकर 20 मिनट से होगा। वहीं, 19 अक्टूबर, रविवार को दोपहर के 1 बजकर 52 मिनट पर त्रयोदशी तिथि समाप्त होगी। शास्त्रों के अनुसार, जिस दिन प्रदोष काल में कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि लगती है। उसी दिन धनतेरस का त्योहार मनाने की परंपरा है। ऐसे में 18 अक्टूबर के दिन यह त्योहार मनाया जाएगा। वहीं, 19 अक्टूबर को भी त्रयोदशी तिथि व्याप्त हो रही है। ऐसे में जो लोग 18 तारीख को खरीदारी न कर पाएं वे 19 तारीख को दोपहर के 1 बजकर 52 मिनट पर भी खरीदारी कर सकते हैं। यानी इस बार आप धनतेरस 18 और 19 अक्टूबर दो दिन मना सकते हैं।



**धनतेरस का महत्व है खास**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि के दिन समुद्र मंथन के वक्त धन्वंतरिजी अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसी के चलते इस तारीख को धनतेरस या धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। इसी कारण इस तिथि पर बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है। शास्त्रों के अनुसार, भगवान धन्वंतरि विष्णुजी के अंशावतार हैं। ऐसे में धनतेरस के दिन धन्वंतरि भगवान, विष्णुजी, माता लक्ष्मी, कुबेर देवता और यमराज की पूजा करने का महत्व होता है। धनतेरस के दिन बर्तन, चांदी, सोना, झाड़ू आदि खरीदना बेहद शुभ माना गया है। इस दिन खरीदारी करने से धन में 13 गुना वृद्धि हो सकती है।

**धनतेरस पर इन मंत्रों से करें पूजा, होगा लाभ**

ऊं धन्वतराये नमः।।

ऊं नमो भगवते महासुदर्शनाय वासुदेवाय धन्वंतराये

अमृतकलश हस्ताय सर्व भयविनाशाय सर्व रोगनिवारणाय

त्रिलोकपथाय त्रिलोकनाथाय श्री महाविष्णुस्वरूप

श्री धनवंतरी स्वरूप श्री श्री श्री औषधचक्र नारायणाय नमः॥

**धनतेरस पर ऐसे करें पूजा , होंगे लाभन्वित**

पंडितों के अनुसार धनतेरस का त्योहार खास होता है इसलिए इस दिन घर में विशेष पूजा करें, इसके लिए घर और पूजा स्थल को अच्छी तरह साफ करें। घर में रंगोली बनाएं और दीपक जलाएं। पूजा स्थान पर भगवान धन्वंतरि, देवी लक्ष्मी, भगवान कुबेर और गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करें। हाथ में जल लेकर पूजा का संकल्प लें। सबसे पहले गणेश जी का पूजन करें। फिर देवी लक्ष्मी, कुबेर जी और धन्वंतरि जी को फल, फूल, मिठाई, हल्दी, कुमकुम और अक्षत अर्पित करें। इस दिन खरीदी गई नई वस्तु को भी पूजा में रखें और उनकी पूजा करें। अंत में आरती करके शंखनाद करें। शाम के समय घर के मुख्य द्वार पर, दक्षिण दिशा की ओर मुख करके, सरसों के तेल का चार मुख वाला यम दीपक जलाएं। अपने घर के कोने-कोने को रोशन करें।

**धनतेरस पर खरीदें ये सामान, मिलेगा लाभ**

1. धनतेरस पर झाड़ू खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। झाड़ू को मां लक्ष्मी का प्रतीक कहा गया है, क्योंकि यह घर की नकारात्मकता और दरिद्रता को दूर करती है, इस दिन नई झाड़ू लाने से घर में शुद्धता, समृद्धि और शांति बनी रहती है।

धनतेरस के दिन लक्ष्मी चरण घर में लाना बहुत ही शुभ होता है। पंडितों के अनुसार लक्ष्मी चरण घर में आने से पैसों की कमी नहीं रहती और मां लक्ष्मी का स्थायी वास होता है।

धनतेरस पर मिट्टी की बनी लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा खरीदना अत्यंत मंगलकारी माना गया है, यह प्रतिमाएं घर में सुख-समृद्धि का वास करती और दीवाली पूजा में इनकी स्थापना से सभी बाधाएं दूर होती हैं।

4. धनतेरस पर साबुत धनिया खरीदना भी शुभ माना गया है। चाहें तो आप मात्र 5 रुपये का धनिया बीज भी ला सकते हैं। शास्त्रों के अनुसार इसे पूजा घर में रखने से आर्थिक तंगी दूर होती है। दीवाली की पूजा के दिन इन बीजों को मां लक्ष्मी को चढ़ाने से धन वृद्धि के योग बनते हैं।

5. धनतेरस पर धातु खरीदने की परंपरा है, लेकिन लोहे से बनी वस्तुएं खरीदना अशुभ माना जाता है। स्टील भी लोहे का ही एक रूप है, इसलिए स्टील के बर्तन या अन्य सामान खरीदने से भी बचना चाहिए। पंडितों के अनुसार लोहा शनि का कारक होता है, और धनतेरस के दिन इसकी खरीदारी से जीवन में अशुभता आती है।

6. कांच का संबंध राहु ग्रह से माना जाता है, इसलिए धनतेरस के शुभ दिन पर शीशे से बनी कोई भी वस्तु नहीं खरीदनी चाहिए। शीशा अस्थिरता का भी प्रतीक है। इसलिए इस मौके पर कांच के बर्तन, आईने या सजावटी सामान खरीदने से बचें, क्योंकि यह घर में नकारात्मक ऊर्जा ला सकता है।

7. इस शुभ दिन पर चाकू, कैंची, पिन, सुई या किसी भी प्रकार की धारदार या नुकीली चीजें खरीदना अशुभ माना जाता है। पंडितों के अनुसार नुकीली वस्तुएं घर में दुर्भाग्य और नकारात्मकता को बढ़ाती हैं, और ये समृद्धि के प्रवाह को काट देती हैं।

8. धनतेरस पर बर्तन खरीदना बहुत शुभ होता है, लेकिन ध्यान रहे कि घर लाते समय वह बर्तन खाली न हो। कहते हैं कि खाली बर्तन घर में खालीपन का संकेत देते हैं। इसलिए आप कोई नया बर्तन खरीदते हैं, तो उसे घर लाने से पहले चावल, दाल या पानी से भरकर ही लाएं। भरा हुआ बर्तन सुख-समृद्धि का प्रतीक होता है।

9. काले रंग को हिंदू धर्म में अशुभता का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में धनतेरस के दिन काले रंग के कपड़े खरीदने से बचें।

10. पंडितों के अनुसार धनतेरस के दिन तेल और घी खरीदना शुभ नहीं होता है। अगर आपको इनकी जरूरत है, तो एक दिन पहले ही इनकी खरीदारी कर लें। इस दिन इन्हें खरीदने से घर में आर्थिक तंगी आ सकती है।

**धनतेरस पर ऐसे जलाएं दीए**

धनतेरस के दिन दीपदान करने की परंपरा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। पंडितों के अनुसार इस दिन घर के अंदर और बाहर दीया जलाने से पूरे साल सुख-समृद्धि और सौभाग्य बना रहता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, धनतेरस पर कुल 13 दीयों का विशेष महत्व है जिन्हें जलाना चाहिए। यम देवता के लिए एक दीया दक्षिण दिशा में जलाना चाहिए। माता लक्ष्मी के लिए भी एक दीया जलाना आवश्यक है। मुख्य द्वार के दोनों तरफ दो दीये जलाएं। तुलसी के लिए एक दीया, छत पर एक दीया, बाकी के दीये पवित्र स्थान जैसे पीपल के नीचे या मंदिर में जलाएं।

# यमदीप में ये चीजें डालें, आर्थिक तंगी से मिलेगी मुक्ति



धनतेरस का त्योहार दिवाली से दो दिन पहले मनाया जाता है। इस साल धनतरेस का पर्व शनिवार 18 अक्टूबर 2025 को मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी पर ही भगवान धन्वंतरि का अवतरण हुआ था। इसी वजह से इस दिन को धनतेरस के रुप में मनाया जाता है। इस मौके पर सोना-चांदी, बर्तन और नई चीजें खरीदने का विशेष महत्व माना जाता है। धनतेरस पर ये उपाय करने से धन की वर्षा होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, अकाल मुत्यु से परिवार की रक्षा करने के लिए यम का दीपक जलाया जाता है। इस दिन आपने यह उपाय कर लिए तो कभी भी आपको आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आपकी धन-दौलत भी दोगुनी हो जाएगी। आइए आपको बताते हैं यमदीपक से जुड़ा हुआ यह उपाय।

**यमदीपक का महत्व**

इस दिन शाम को यम का दीपक जलाया जात है। धनतेरस की शाम को 5 दीपक जलाने के साथ ही एक चौमुखी दीपक यम को समर्पित है। इस दीपक को हमेशा दक्षिण दिशा में रखना चाहिए, क्योंकि यह यमराज की दिशा है।

**यमदीप में डालें ये 2 खास चीजें**

धनतेरस की शाम को यम दीपक जलाने के लिए आप मिट्टी का चार मुख वाला दीया या फिर आटे से बना हुआ चौमुखा दीया जलाएं। अब दो रूई की बत्तियों को दीये में क्रॉस करके लगाएं और इसे चारों ओर से जलाकर दक्षिण दिशा में रख देना चाहिए। इसके साथ ही इस दीपक में कौड़ी और एक सिक्का डाल दें। ऐसा करने से आपको शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

**सिक्का और कौड़ी को चुपके निकालकर करें ये उपाय**

धनतेरस के अगले दिन जब यह दीपक बुझ जाए तो बिना किसी को बताएं चुपचाप से इसमें डाला हुआ सिक्का और कौड़ी को निकाल लें। इन दोनों चीजों को आप अपने तिजोरी में रख दें। जहां पर आपका धन रखा हुआ, वहां पर इन दोनों चीजों को रख दें। ऐसा करने से आपको आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल जाएगा। घर की समस्याएं भी धीरे-धीरे गायब हो जाएगी। परिवार में सुख और शांति बनीं रहेगी।

**नौकरी या व्यापार की समस्या दूर होगी**

अगर आप नौकरी या व्यापार की समस्याओं से परेशान हैं, तो इस उपाय को करें। आप सिक्के और कौड़ी को अपने दराज में छुपाकर रख दें। यह उपाय करने से व्यक्ति के कारोबार में उन्नति होती है। इसके अलावा, घर के 5 स्थानों पर भी दीपक जरुर जलाएं। इसके साथ ही, विधिवत रुप से माता लक्ष्मी, भगवान धन्वंतरि और कुबरे देवता की पूजा करें।

# इन टिप्स से स्किन को बनाएं चमकदार, दिवाली की रोशनी में खूब चमकेगा चेहरा

त्योहारों का मौसम खुशियों से भरा होता है, लेकिन इसी दौरान हमारी स्किन को सबसे ज़्यादा नुकसान होता है वजह है धुआं, मिठाइयां, नींद की कमी और मेकअप। ऐसे में स्किन ड्राई, डल और डिहाइड्रेटेड हो सकती है। त्योहारों में जितनी देखभाल सजने-संवरने की करते हैं, उतनी ही स्किन की हाइड्रेशन पर ध्यान दें ताकि आपका चेहरा भी उतना ही चमके जितना दिवाली की रोशनी।



**ज्यादा पानी पिएं** -दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं।पानी शरीर से टॉक्सिन्स निकालता है और स्किन को भीतर से मॉइस्चर देता है।

**फेस मिस्ट या हाइड्रेटिंग टोनर इस्तेमाल**

फेस मिस्ट दिन में 2-3 बार स्प्रे करें, इससे स्किन फ्रेश और ग्लोइंग बनी रहती है। गुलाब जल या एलोवेरा बेस्ड मिस्ट बढ़िया रहेगा।

**मॉइस्चराइजर कभी न छोड़ें** -सुबह और रात दोनों समय स्किन टाइप के अनुसार हाइड्रेटिंग मॉइस्चराइजर लगाएं। हायालूरॉनिक एसिड, ग्लिसरीन या शीया बटर वाले प्रोडक्ट चुनें।

**मिठाइयों और तली चीज़ों से बचें**

ज्यादा चीनी और तेल स्किन पर एक्ने और डलनेस बढ़ाते हैं। कोशिश करें ताजे फल और पानी वाली सब्जियां ज्यादा खाएं।

**रात में स्किन रिपेयर करें** - सोने से पहले चेहरा अच्छे से साफ करें और नाइट सीरम लगाएं। यह स्किन को आराम और नमी देता है, जिससे अगली सुबह नेचुरल ग्लो नजर आता है।

**धुएं और मेकअप से बचाव करें** -बाहर निकलते वक्त फेस पर लाइट क्रीम या सनस्क्रीन की प्रोटेक्टिव लेयर लगाएं। घर आकर मेकअप पूरी तरह साफ करें ताकि स्किन सांस ले सके।

# हर वक्त रहती हैं एड़ियों में दर्द तो जाने इसका सही कारण भी

आपने बहुत से लोगों को कहते सुना होगा कि उनकी एड़ियों में बहुत दर्द ( ।द्वद्वद्य ब्ल्नुद्बद्ध) होता है। वैसे तो लोग इसे आम समझ लेते हैं लेकिन एड़ियों के दर्द के पीछे कई स्वास्थ समस्याएं छिपी हो सकती हैं क्योंकि हर बार एड़ियों का दर्द थकान या फिर उम्र से जुड़ा हो ऐसा नहीं हो सकता। कई बार यह शरीर में छिपी हुई हेल्थ प्रॉब्लम्स का संकेत भी हो सकता है।



एड़ियों में दर्द होने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं। एड़ी में दर्द सिर्फ एक साधारण परेशानी नहीं बल्कि यह प्लांटर फैशियाइटिस, गठिया, या यूरिक एसिड जैसी बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। समय पर जांच, सही फुटवेयर और घरेलू उपायों से इसे कंट्रोल किया जा सकता है। चलिए आपको इस बारे में बताते हैं।

1. प्लांटर फैशियाइटिस

यह एड़ी में दर्द का सबसे आम कारण है। इसमें एड़ी के नीचे की मांसपेशी में सूजन आ जाती है।

लक्षण- सुबह उठते ही पहला कदम रखते समय तेज दर्द।

इलाज- पैरों को गर्म पानी में सेंकें।

कुशन वाले जूते पहनें।

ज्यादा देर खड़े रहने से बचें।

2. हील स्पर

एड़ी की हड्डी के नीचे कैल्शियम जमा हो जाने से हड्डी में कांटे जैसी बढ़त बन जाती है।

लक्षण- चलने या दौड़ने पर चुभन जैसा दर्द।

इलाज- फिजियोथेरेपी, डॉक्टर की सलाह से कैल्शियम या एंटी-इंफ्लेमेटरी दवा और आरामदायक फुटवेयर पहनें।

3. गठिया

खासकर रूमेटॉयड या ऑस्टियोआर्थराइटिस में एड़ियों में सूजन और दर्द होता है।

इलाज- डॉक्टर से जांच करवाएं।

हल्का व्यायाम, सूजन कम करने वाली दवाएं

**शरीर का वजन कंट्रोल में रखें**

4. यूरिक एसिड बढ़ना

जब खून में यूरिक एसिड जमा हो जाता है तो जोड़ों और एड़ियों में दर्द होता है।

इलाज- पानी खूब पिएं

लाल मांस, दालें और शराब से परहेज।

डॉक्टर से यूरिक एसिड टेस्ट करवाएं।

5. सर्वाइकल या नस दबना

कभी-कभी रीढ़ की हड्डी या पैर की नस दबने से भी एड़ियों में दर्द फैलता है।

इलाज- फिजियोथेरेपी

स्ट्रेचिंग और योगासन

ज्यादा देर तक बैठने से बचें।

एड़ियों के दर्द का घरेलू उपाय

गुनगुने पानी में नमक डालकर सेंकें- इससे सूजन और दर्द कम होता है।

सरसों तेल और लहसुन से मालिश करें-यह रक्त संचार बढ़ाकर दर्द कम करता है।

# प्यार की जगह गुस्सा क्यों? माता-पिता के चिल्लाने से बच्चों के दिमाग पर क्या असर पड़ता है!

कई माता-पिता थोड़ी-थोड़ी बात पर बच्चों पर चिल्ला देते हैं। दिनभर की थकान, काम का तनाव और बच्चों की शरारतें। इन सब कारणों से कभी-कभी गुस्से में चिल्लाना आम लगता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे बच्चों के दिमाग और भावनाओं पर गंभीर असर पड़ सकता है?

चिल्लाने से बच्चों के दिमाग में क्या होता है?

गुस्से में चिल्लाने पर बच्चे का मस्तिष्क डर और तनाव की स्थिति में चला जाता है। उनके शरीर में कॉर्टिसोल नामक तनाव हार्मोन बढ़ जाता है।

लंबे समय तक यह हार्मोन अधिक रहने से बच्चों में चिंता, अवसाद, और सीखने की क्षमता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

बच्चों में उम्र के हिसाब से असर

छोटे बच्चे- मस्तिष्क अभी विकसित हो रहा होता है। चिल्लाने से वे डर जाते हैं और सीखने की क्षमता कम हो जाती है।

किशोर- लगातार डांट और चिल्लाना उनके आत्म-सम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार को प्रभावित कर सकता है।

चिल्लाने की जगह क्या करें?

संयम बनाएं- गुस्से में तुरंत चिल्लाने की बजाय पहले खुद शांत हों।

सकारात्मक भाषा अपनाएं- बच्चों को डांटने की बजाय समझाएं।

उदाहरण- बच्चा होमवर्क नहीं करता? उसके साथ बैठकर कारण समझें और हल खोजें।

प्रोत्साहन दें- छोटी-छोटी अच्छी आदतों और प्रयासों की सराहना करें। यह बच्चों को आत्मविश्वासी बनाता है।



माता-पिता के लिए टिप्स

तनाव को पहचानें- अगर आप खुद तनाव में हैं, तो गुस्सा नियंत्रित करना मुश्किल होता है।

शांत होने के तरीके अपनाएं- गहरी सांस लें, ध्यान करें, थोड़ी शारीरिक गतिविधि करें या अकेले समय बिताएं।

संवाद बनाएं, आदेश नहीं- बच्चों से बात करें, उन्हें समझाएं और गलती सुधारने का मौका दें।

माता-पिता के बच्चों पर चिल्लाने के नुकसानबच्चों में डर और असुरक्षा की भावना बढ़ती है।

उनकी सोचने और सीखने की क्षमता प्रभावित होती है।

लंबे समय में भावनात्मक समस्याएं और आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

सामाजिक जीवन और रिश्तों पर भी असर पड़ता है।

सबसे जरूरी बात

डॉक्टर कहती है की बच्चों के लिए प्यार और सुरक्षा की भावना सबसे अहम है। गुस्से में चिल्लाने से वे केवल डर महसूस करते हैं और सीखने की जगह बचने पर ध्यान देते हैं। संयम, समझदारी और प्यार से बच्चों को समझाना उन्हें स्वस्थ, खुशहाल और आत्मविश्वासी बनाता है।

# शब्द सामर्थ्य -


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 186 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## वाहन का अवैध मॉडिफिकेशन कराने पर 1 लाख का जुर्माना

**सूरजपुर।** जिले में एक वाहन मालिक को वाहन में गैर-कानूनी मोडिफिकेशन के कारण 1 लाख का जुर्माना भरना पड़ा। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस यातायात नियमों के उल्लघंन पर सख्ती बरत रही है। इसी क्रम दिनांक 12.10.2025 को थाना चंदौरा पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 53 जेटी 0542 में कंपनी द्वारा निर्धारित ट्राला को बिना आरटीओ अनुमति के निर्माण कराकर बढ़ाने वाले वाहन स्वामी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए धारा 182(क)(1) एमव्ही एक्ट का इस्तगाशा माननीय न्यायालय प्रतापपुर में पेश किया। इस मामले में माननीय न्यायालय के द्वारा पिकअप वाहन पर 1 लाख रूपये का जुर्माना किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, एएसआई नील कुसुम बेक व अन्य स्टाफ सक्रिय रहे।सूरजपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील किया है कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करें। अपने वाहन में कोई भी अनाधिकृत मोडिफिकेशन/बदलाव न करें, ऐसा करना किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है और भारी जुर्माना भी देना पड़ सकता है।



# चरचा ईस्ट खदान से बिजली केबल चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार

चरचा कालरी। चरचा ईस्ट खदान के अंदर में कर्मचारियों को बंधक बनाकर लगभग 400 फीट लंबे आर्म्ड बिजली केवल की चोरी के प्रकरण में चर्चा पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जबकि गिरोह का सरगना मुख्य आरोपी फरार है इसके अतिरिक्त कई अन्य आरोपियों की भी तलाश चल रही है जानकारी के अनुसारदिनांक 15.10.2025 को थाना चरचा में प्रार्थी धरमनारायण पिता स्वर्गीय जगदीश राजवाड़े, उम्र 51 वर्ष, निवासी विवेकानंद कॉलोनी, चरचा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह एसईसीएल चरचा में कार्यरत है। दिनांक 14.10.2025 को रात्रि 11ः00 बजे से प्रातः 06ः00 बजे तक की शिफ्ट में कार्यरत था। लगभग रात्रि 11ः00 बजे के आसपास अपने कार्यस्थल 56 लेवल पंप के पास पहुंचकर वह अपने साथियों रोहित दीवान, लालजी पाव, नरेश, राकेश एवं मुनाफ के साथ कार्य कर रहा था। इसी दौरान कार्यस्थल के समीप से काटने जैसी आवाज आने पर सभी कर्मियों ने जाकर देखा तो पाया कि वहां रखे लगभग 450 मीटर लंबे केबल तार को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कटर मशीन से काटकर चोरी कर लिया गया है। चोरी गए केबल तार की अनुमानित कीमत लगभग 70 से 80 हजार रुपये आंकी गई।



प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 201/2025 धारा 331(4), 305(ई) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा लगातार संदेहियों से पूछताछ की जा रही थी। गहन पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पाँच संदेहियों मंगल उर्फ गोलू , पुरुषोत्तम उर्फ गोलर पिता रघुनाथ बसोर , मोहित पिता बेचनराम बसोर (उम्र 21 वर्ष),अयोध्या (उम्र 19 वर्ष) एवं नितेश पिता नरेश बसोर (उम्र 19 वर्ष) सभी निवासी घुटरी दफाई, चरचा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पाँचों आरोपियों ने केबल चोरी की घटना को स्वीकार किया।आरोपियों को दिनांक 17.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी है। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा चोरी किए गए केबल तार को अपने पास रखकर बिक्री करने की बात स्वीकार की गई है, जिसके संबंध में आगे की विवेचना प्रचलित है।

इस प्रकरण के खुलासे में पुलिस अधीक्षक, जिला कोरिया रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बैकुंठपुर राजेश साहू के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चरचा निरीक्षक प्रमोद पांडे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अनिल सोनवानी, सहायक उपनिरीक्षक बालकृष्ण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी, शशि भूषण, बृजेश सिंह, रूप नारायण सिंह, अजय राजवाड़े, मधु प्रसाद राजवाड़े, जय सिंह, राजेन्द्र सिंह, उमेश्वर राजवाड़े, महिला आरक्षक रंजना, सैनिक रविदास, सतीश सिंह, विकास सिंह एवं राजेश टांडे का सराहनीय योगदान रहा है।

## राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों कोरिया को मिला सम्मान

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉन्क्लेव ऑन 'आदि कर्मयोगी अभियान' का आयोजन 17 अक्टूबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान और आदि कर्मयोगी अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री जुएल ओराम व केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गा दास उइके की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को सम्मानित किया गया।

वहीं कोरिया जिले को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।



विदित हो कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 154 जनजाति बहुल ग्रामों में लगातार बुनियादी सुविधाओं के साथ उनके समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। यह सम्मान कोरिया जिले में जनजातीय क्षेत्रों में नवाचार, जनसहभागिता एवं सतत विकास की दिशा में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति का प्रतीक है।

इसके अलावा जिला धमतरी को पीएम-जनमन अभियान में एवं जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को अधोसंरचना विषय पर तथा छत्तीसगढ़ राज्य को स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर प्रस्तुतीकरण देने हेतु चयनित किया गया है।

## महान नदी में कचरा के साथ अपशिष्ट फेंक कर चुनौती बढ़ा रहे हैं आम लोग

**शंकरगढ़।** जीवनदायिनी महान नदी इन दिनों प्रदूषण की चपेट में है। नदी में लगातार कचरा और मीट का अपशिष्ट फेंकने से चारों ओर गंदगी फैल गई है। इससे न केवल नदी की स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले ग्रामीणों का जीना भी दूभर हो गया है। नदी के किनारे बसे गांवों के निवासी और आसपास खेती करने वाले किसान इस स्थिति से बेहद परेशान हैं। गंदे पानी का असर फसलों पर भी देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले यह नदी पूजा-पाठ और दैनिक उपयोग के लिए स्वच्छ मानी जाती थी, लेकिन अब इसमें कचरा और अपशिष्ट फेंकने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ती जा रही है। चिंता की बात यह है कि इसी नदी के तट पर शंकरगढ़ का प्रमुख मुक्तिधाम स्थित है, जहां अंतिम संस्कार होते हैं। इसके अलावा पास में ही छठ घाट भी है।



## नगर पालिका के 112 कर्मियों को पार्षद मिश्रा ने किया खुश

**चरचा कालरी।** .नगर पालिका शिवपुर चर्चा के सबसे सक्रिय पार्षद के रूप में पहचाने जाने वाले वार्ड नंबर 14 के पार्षद कुमोद मिश्रा ने दीपावली के अवसर पर मानवता और सहयोग की अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने नगर पालिका शिवपुर चरचा में कार्यरत सभी सफाई कर्मियों, हैंडपंप एवं पाइपलाइन कर्मचारियों, विद्युत विभाग के कर्मचारियों सहित पालिका कार्यालय में कार्यरत लगभग 112 कर्मचारियों को उपहार स्वरूप आर्थिक सहयोग प्रदान कर उनके दीपावली उत्सव की खुशियों में साझेदारी की।कर्मचारियों ने पार्षद मिश्रा के इस विशेष सहयोग की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने भी इस मानवीय पहल की भरपूर प्रशंसा की।

विदित हो कि कुमोद मिश्रा ने पिछली नगर पालिका चुनाव में वार्ड क्रमांक 14 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और भाजपा व कांग्रेस—दोनों प्रमुख दलों के उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर देते हुए विजय हासिल की थी।

अपने निष्पक्ष कार्यशैली और जनसेवा भाव के लिए प्रसिद्ध पार्षद मिश्रा ने हाल ही में वार्ड में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता जांच हेतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को स्वयं



आमंत्रित किया, जिससे कार्यों की पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भी सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे आकर स्वयं कार्य की गुणवत्ता देखें।यह कदम अब तक किसी भी पार्षद द्वारा नहीं उठाया गया था, जिससे उनकी ईमानदारी और जवाबदेही की मिसाल कायम हुई है।

कुमोद मिश्रा प्रतिदिन सुबह से शाम तक वार्ड की गलियों में सक्रिय रहते हैं और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हैं। यही कारण है कि आज उनकी लोकप्रियता केवल वार्ड तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे नगर पालिका क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही है

## सड़क किनारे एक फीट ऊंचा लोहे का पाइप हटाने की मांग



**सोनहत।** ब्लॉक मुख्यालय के महादेव चौक में सड़क किनारे पीएचई विभाग द्वारा एक साल पहले हटाए गए हैंडपंप का निचला हिस्सा अब तक जमीन में खुला पड़ा है। करीब एक फीट ऊंचा यह लोहे का हिस्सा राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। इससे अब तक कई चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इसे जल्द हटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## प्रभारी तकनीकी रूप से अपडेट रहें, कहा एसएसपी ने

**सूरजपुर।** एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा जिला पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित किया। बैठक में उन्होंने विजिबल पुलिसिंग पर जोर देते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा सुरक्षा व शांती व्यवस्था कायम रखने के लिए कड़े कदम उठाने, वैधानिक कार्यवाही करने के साथ-साथ आवश्यकता अनुरूप बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

आगामी दिनों में पर्व के दौरान सजगता से ड्यूटी करने एवं भीड़भाड़ वाले जगहों पर भ्रमणशील रहने, आमजनता की सुविधा के लिए गुम मोबाईल रिकव्हरी दर को बढ़ाने एवं साइबर जागरूकता के लिए साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम निरंतर आयोजित कर साइबर फ्राड के पीड़ित को खुद के साथ घटित फ्राड की जानकारी को साझा करने हेतु प्रोत्साहित कर जागरूकता फैलाने, सड़क दुर्घटना के जोखिम को कम करने ब्लैक स्पोर्ट पर सुरक्षात्मक उपाए कराने, नियमित रूप से वाहन चेकिंग कर लापरवाहों पर सख्ती बरतने एवं नशीली दवाओं और मादक पदार्थो के व्यापार पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।



डीआईजी व एएसपी सूरजपुर ने लंबित अपराध एवं शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए थाना प्रभारियों को कहा कि आज का दौर तकनीक का है जो तकनीकी रूप से सक्षम होगा वहीं अपडेट रहेगा उसकी परफार्मेन्स अच्छी होगी। अपराधों के कायमी के बाद समयसीमा 30-60-90 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश करें। साइबर फ्राड के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों की लिंकेज डिटेल जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने एवं साइबर फ्राड के शिकायत पर फौरन एक्शन लेने के निर्देश दिए ताकि पीड़ित की आर्थिक क्षति को कम किया जा सके।

प्रभारियों को तकनीकी कार्यो में दक्षता को और बढ़ाने, सीसीटीएनएस सहित अन्य आधुनिक पोर्टल्स पर सभी जानकारियों को समय पर अपलोड करने एवं प्रतिदिन इसकी निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी अनूप एक्का, रितेश चौधरी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल में दिख रही ग्राहकों की दिलचस्पी



**बैकुंठपुर।** जिले में धनतेरस और दीपावली को लेकर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, सजावटी समानों की दुकानों को खासतौर पर सजा कर ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है। त्योहार के इस खास मौके पर व्यापारियों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है, वहीं ग्राहक भी नए सामान की खरीदारी के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। धनतेरस की खरीदी के लिए दुकानों में इंक्वायरी करने पहुंच रहे हैं।

धनतेरस पर विशेष रूप से सराफा बाजार में चहल-पहल बनी हुई है। सोने-चांदी की दुकानों को आकर्षक लाइटिंग और सजावट से सजाया गया है। हालांकि, इस बार सोने की कीमतों में हुई बढ़ोतरी ने ग्राहकों की जेब पर असर डाला है। बढ़े हुए दामों को देखकर ग्राहक थोड़े सशंकित हैं और बड़ी खरीदारी से परहेज कर रहे हैं।

बाजार पारा में स्थित कई सराफा व्यवसायियों ने बताया कि सोने के दाम में बढ़त के चलते कई लोग चांदी के सिक्के, बर्तन या हल्के वजन के गहनों की ओर रुख कर रहे हैं। दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल सेक्टर में ग्राहकों की दिलचस्पी खास तौर पर देखने को मिल रही है। एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, मोबाइल फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स पर आकर्षक ऑफर और छूट दी जा रही है, जिससे दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ रही है। ग्राहक बड़ी संख्या में इंक्वायरी कर रहे हैं और खरीदारी की योजना बना रहे हैं।

धनतेरस पर 1000 दोपहिया वाहन बिक्री का लक्ष्य ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी धनतेरस को लेकर खास तैयारियां की गई हैं। इस साल जिले में विभिन्न कंपनियों की 1000 बाइक और स्कूटी बेचने का लक्ष्य रखा है। त्योहार को ध्यान में रखते हुए शोरूम में फाइनेंस स्कीम्स के साथ ग्राहकों को लुभाया जा रहा है। युवा वर्ग में खास तौर पर टू-व्हीलर खरीदने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। व्यापारियों का मानना है कि दीपावली तक बिक्री में और तेजी आएगी।

## वरिष्ठ नागरिकों का आयुष विभाग ने किया स्वास्थ्य परीक्षण



**रामानुजनगर।** आयुष विभाग द्वारा अपने रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत 10 से 17 अक्टूबर तक मनाए गए विशेष सप्ताह के तहत, विकासखंड रामानुजनगर के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सियान जतन ओपीडी' का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों (सियानजनों) के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और आयुर्वेदिक जागरूकता पर जोर दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेशपुर में आयोजित ओपीडी में डॉ. सीमा त्रिपाठी, डॉ. आरके शुक्ला और डॉ. एसके त्रिपाठी ने बड़ी संख्या में उपस्थित सियानजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता आयुर्वेद के सिद्धांतों पर आधारित प्रकृति परीक्षण रही। डॉ. एसके त्रिपाठी ने बताया कि प्रकृति परीक्षण वात, पित्त और कफ के संयोजन के आधार पर व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक प्रकृति का निर्धारण करता है। बुजुर्गों की जांच करते हुए।

## संस्कृति को रेखांकित करते हैं त्यौहार: सोनू

**कोरबा।** सामाजिक कार्यकर्ता और छत्तीसगिढ़या जोहार पार्टी के प्रदेश मंत्री सुरेन्द्र सिंह राठौर सोनू ने कहा कि दीपावली का पर्व धनतेरस से प्रारंभ होकर भाई दूज तक संपन्न होगा। 5 दिन तक यह पर्व भारत प्राचीन संस्कृति और परंपरा को रेखांकित करता है। इसके साथ हमारे सांस्कृतिक जीवन मूल्य जुड़े हुए हैं। इसके माध्यम से आरोग्य के देवता धनवंतरी, यम के देवता के साथ-साथ लक्ष्मी-कुबेर की पूजा लोग करते हैं। गोवर्धन पूजा जहां प्रकृति के प्रति समर्पण दिखाती हैं, वहीं भाईदूज का त्यौहार रिश्तों को आत्मीयता को मजबूती देता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऐसे पर्व मनाने की परंपरा सदियों से रही है।



### 2 दिन मौसम ड्राई, फिर दक्षिण-मध्य हिस्से में होगी बारिश

**रायपुर।** अगले दो दिनों तक मौसम ड्राई बना रहेगा। अगले 12 घंटों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट संभव है,

## चोरी-लूट को रोकने फेरीवालों की निगरानी करेंगे कोटवार



**बैकुंठपुर।** कोरिया व एमसीबी जिले में हर साल सैकड़ों की संख्या में अन्य राज्यों से घूम-घूमकर व्यवसाय करने वाले पहुंचते हैं, लेकिन अतिरिक्त काम के बोझ से बचने थानों में इनकी मुसाफिर दर्ज नहीं की जाती है।

जिले में इन दिनों चोरी और लूटपाट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन वारदातों के पीछे जिले में आने वाले बाहरी फेरीवालों की संदिग्ध गतिविधियां बड़ी वजह हो सकती हैं। ये फेरी वाले कपड़े, बर्तन, श्रृंगार सामग्री समेत अन्य घरेलू वस्तुएं गांव-गांव, गली-गली घूमकर बेचते हैं, जिससे उनकी लोगों के घरों तक सीधी पहुंच हो जाती है। यही वजह है कि चोरी के कई मामलो का खुलासा आज तक नहीं हो सका है। तहसील सोनहत के अंतर्गत सभी 79 कोटवारों को इनकी पहचान कर चिंहित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। ये सभी कोटवार अपने-अपने क्षेत्रों में बाहरी व्यक्तियों विशेषकर फेरीवालों की पहचान कर, उनकी पूरी जानकारी मुसाफिर पंजी में दर्ज करेंगे। इस मुसाफिर पंजी का नियमित निरीक्षण संबंधित पटवारी और कानूनगो द्वारा किया जाएगा, जिससे दर्ज जानकारी का सत्यापन किया जा सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हाल ही में आयोजित कलेक्टर कांफ्रेंस में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को मुसाफिर पंजी के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए थे। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में साइकिल और बाइक से घूम-घूमकर फेरी करने वालों को देखा जा सकता है। एएसपी पंकज पटेल ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति उनके क्षेत्र में दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित थाने में दें। मकान मालिकों से भी कहा गया है कि किरायेदार की पूरी जानकारी थाना में दर्ज कराएं। पंजी में नाम, पता, आने की तिथि, रहने का स्थान, बेचने का सामान आदि की पूरी जानकारी दर्ज की जा रही है। इस पहल के माध्यम से ग्राम स्तर पर आने-जाने वालों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

## छात्रों ने नृत्य और पोस्टर से हाथ धोने का सरल तरीका और महत्व बताया

**रामानुजनगर।** बैकुंठपुरराजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंगमें ग्लोबल हैंडवाशिंग डे उत्साहपूर्वक मनायागया।इस अवसर पर बीएससी नर्सिंगद्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओंने हाथ धोने के महत्व परआधारित विविध गतिविधियों केमाध्यम से स्वच्छता का संदेशदिया। कार्यक्रम का उद्देश्यविद्यार्थियों और आमजनों को सहीहैंड वॉश तकनीक के प्रतिजागरूक करना और संक्रामकबीमारियों से बचाव के लिएस्वच्छता की आदतों कोप्रोत्साहित करना था। छात्रों नेपोस्टर प्रस्तुति, नृत्य औरडेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से बतायाकि हाथ धोना एक सरल लेकिनअत्यंत प्रभावी उपाय है जो अनेकबीमारियों से सुरक्षा प्रदान करताहै।स्वच्छ हाथ, स्वस्थ जीवन जैसे नारों के साथ छात्रों ने सभीको नियमित रूप से साबुन औरपानी से हाथ धोने के लिए प्रेरितकिया। छात्राओं ने कहा कि यह नकेवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिएजरूरी है, बल्कि समाज में रोगोंके प्रसार को रोकने में भी मददगारहै। कार्यक्रम के समापन परशिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासोंकी सराहना करते हुए कहा किऐसे आयोजन जन-जागरूकता कोबढ़ाने के साथ-साथ भविष्य केस्वास्थ्यकर्मियों में सामाजिकउत्तरदायित्व की भावना भीविकसित करते हैं। अंत में सभी नेस्वच्छता को जीवन का अभिन्नहिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# विवादित स्रोत समन्वयक महंत को हटाया




**कोरबा।** आखिरकार शिक्षा विभाग उनके द्वारा पौड़ी उपरोड़ा विकासखंड में पदस्थ स्त्रोत समन्वयक गुलाब दास महंत को इस पद से हटा दिया गया है। उन्हें मूल पदस्थापना सिंधिया मिडिल स्कूल के लिए कार्य मुक्त किया गया है। अनेक संकुल शैक्षिक समन्वयक ने मोर्चा खोल दिया था। कहां गया था कि अलग-अलग कार्यों के लिए उन्हें अवैध रूप से पैसों की चाहत रही है और इसके लिए हम लोगों को परेशान किया जाता रहा। रुपए नहीं देने की स्थिति में कई कार्यो का सत्यापन करने की धमकी भी दी जाती रही। इस बारे में शिक्षा विभाग के सांसद उच्च अधिकारियों के पास शैक्षिक समन्वयकों की ओर से शिकायत करते हुए कहां गया कि ऐसी स्थिति में यहां पर काम करना काफी मुश्किल होगा इसलिए गुलाब दास को हटाया जाए। पिछले महीने जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच के लिए करतला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी संदीप पांडे को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। शिकायत करने वालों से पूछताछ की। इस दौरान कई प्रमाण भी उनकी जानकारी में लाए गए थे। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट अधिकारी को दी थी जिसके बाद अगली कार्रवाई की गई। सरकार की ओर से पौड़ी उपरोड़ा के लिए नए विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के तौर पर रामेश्वर धनगर को प्रदर्शित किया गया था लेकिन इसी बीच उन्हें पदोन्नति मिल गई और उन्होंने नई पदस्थापना में ज्वाइन कर लिया। इधर मौके का नाम लेकर विवादित बीआरसी महंत मौके से हटाने का नाम नहीं ले रहे थे। इसे लेकर फिर से विकासखंड के संकुल शैक्षिक समन्वयको ने मोर्चा खोल दिया। आगे की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से महंत को यहां से हटा दिया।। उन्हें मूल पदस्थापना के लिए कार्य मुक्त कर दिया गया है। इस कार्रवाई से शिकायत करने वालों और दुखी लोगों में हर्ष की लहर है।

## एनटीपीसी के राखड़ प्रदूषण के कारण लोग परेशान

### 1150 लोगों को क्षतिपूर्ति देने की बात स्वीकार

**कोरबा।** नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन के फ्लाई ऐश पौंड के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जन स्वास्थ्य और वातावरण पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। प्रशासन ने कहा कि ऐसे मामलों में चिन्हाकित लोगों को क्षतिपूर्ति दी जा रही है। 2600 मेगावाट क्षमता की एनटीपीसी परियोजना के द्वारा धनरास क्षेत्र में बनाए गए राखड़ बांध के कारण आसपास के हिस्से में समस्या हो रही है। यहां के लोगों ने इस मामले को लेकर प्रदर्शन किया और नाराजगी जाहिर की। सडीएम तन्मय खन्ना ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को एनटीपीसी के द्वारा राहत राशि दिए जाने पर सहमति हुई है। पहले नगद में इसका भुगतान होता था लेकिन संख्या बढ़ने पर अब बैंक पेमेंट करने की बात हुई है। इनकी लिस्टिंग पूरी होने के साथ दीपावली से पहले उनके खातों में रुपए भेज दिए जाएंगे।

## छिंदवाड़ा में आंदोलन की समीक्षा हुई

**कोरबा।** अखिल भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा जुलाई माह से 14 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा था। गेट मीटिंग के बाद हाट व बाजारों में जन जागरण अभियान चलाया गया था। इसके बाद सभी सीजीएम कार्यालयों के सामने धरना प्रदर्शन हुए थे। इन सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए महामंत्री रंजय सिंह व रमेश गुरुद्वान सहित सभी एरिया के महामंत्रियों को छिंदवाड़ा बुलाया गया था।

## कुआंभट्टा के एक इलाके में जलजमाव आने-जाने में लोगों को हो रही परेशानी



**कोरबा।** कुआभट्टा स्थित बालाजी मंदिर को जाने वाला रास्ता लंबे समय से जलजमाव की समस्या से जूझ रहा है। बारिश के बाद से यहां पानी भरा हुआ है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।नजदीकी क्षेत्र में गंदगी और कीचड़ की भरमार है, जिसके कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वाहन चालकों को भी अपनी गाड़ियां निकालने में दिक्कत होती है।स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं और समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस व्यस्त इलाके की समस्या पर जल्द ध्यान देना चाहिए।

## सेशन कोर्ट ने करनदीप सिंह सहित तीन को दी अग्रिम जमानत

**कोरबा।** राताखार स्थित जश्न रिसॉर्ट में 12 अक्टूबर को डांसर सपना चौधरी नाइट के बाद हुए बवाल के मामले में आरोपी बनाए गए तीन लोगों को यहां के सेशन कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। उन पर 482 बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया था। प्रकरण में बलराम तिवारी एडवोकेट ने पैरवी की।कार्यक्रम के बाद आयोजनकर्ताओं में से कुछ के द्वारा उस कमरे में तोड़-फोड़ की कोशिश की गई जहां आमंत्रित कलाकार सपना चौधरी रूकी हुई थी। उनके रवैय्ये से अजीब स्थिति निर्मित हो गई। इसे लेकर रिसॉर्ट मालिक करनदीप व अन्य लोगों ने हस्तक्षेप का प्रयास किया। जिसके बाद उनसे भी मारपीट की गई। बाद में एक व्यक्ति की शिकायत पर उल्टे इन्हीं लोगों के विरूद्ध पुलिस ने लूट कामामला दर्ज कर लिया। जबकि इस पक्ष का कहना था कि उन्होंने सुरक्षा के नाते दखल दीथी। वकील के पक्ष को सुनते हुए सेशन कोर्ट की न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी ने करनदीप सिंह, गुरवीर सिंह और ईशान सिंह की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। याद रहे इसी घटनाक्रम के अंतर्गत करनदीप की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैरजमानतीय अपराध दर्ज किया है।

## कालोनी की समस्या को सामने रखा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रबंधन के सामने एसईकेएमसी के कार्यकर्ताओं ने समस्याओं को सामने रखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि कालोनी में साफ-सफाई के अलावा कई समस्याएं हैं। इन समस्याओं को दूर किया जाए। एसईकेएमसी के डीके मिश्रा, जीवराखन चंद्रा, सीताराम साहू व एमपी सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पोताई का काम से पहले छतों के मरम्मतीकरण होना चाहिए।

## मेडिकल कॉलेज की सीट बढ़ने से चिकित्सा छात्रों को लाभ



**कोरब ।** सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा है कि कोरबा के शासकीय बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात पिछले वर्षों में प्राप्त हुई और इस दिशा में तेजी से कामकाज हुए। मेडिकल कॉलेज में 4 विषयों गायनिक, मेडिसीन, सर्जरी, एनेस्थिसिया जैसे विभागों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को मंजूरी मिली है। इसका लाभ चिकित्सा छात्रों को मिलेगा।

सांसद ने कहा कि कोरबा चिकित्सा महाविद्यालय में सामूहिक प्रयासों से भवन निर्माण के साथ-साथ अन्य जरूरी अधोसंरचना के लिए फंड आबंटित हुआ है और निर्माण कार्य जारी है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की जागरूक पहल से छात्रों के अनुसंधान कार्यों के लिए पार्थिव शरीर भी लगातार प्राप्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि कोरबा मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए बीते वर्षों में राज्य सरकार तक पहल की

गई और वहां से केन्द्र को प्रस्ताव भेजा गया। कोरबा जिले की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। उक्तानुसार कोरबा के पुराने 100 बेड हास्पिटल को मेडिकल कॉजेज से संबंद्ध होकर चलाया जा रहा है। यहां पर पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञों और स्टाफ की पदस्थापना किए जाने से कोरबा सहित आसपास के जिले के मरीजों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के सफर को उपलब्धि बताया और कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन सिंह, वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और स्थानीय मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सहारे की कोशिशों से इसकी व्यापकता बढ़ रही है।

## एनुअल मेंटनेंस पर हुई चर्चा

**कोरबा।** एसईकेएमसी की आईआर बैठक मानिकपुर प्रबंधन के साथ हुई जिसमें एनुअल मेंटेनेंस पर चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने शिकायत करते हुए कहा कि मेंटेनेंस का काम पूर्ण होने के बाद ही नए टेंडर बुलाए जाते हैं। यह परंपरा गलत है। काम खत्म होने तक नए टेंडर को बुलाना जरूरी होना चाहिए। क्योंकि सारे कामकाज काम खत्म होने के बाद लंबित पड़े रहते हैं। बिजली का काम मेंटनेंस के आधार पर हो रहे हैं। देखने में आया है कि टेंडर खत्म होने के बाद कामकाज नहीं हो पाता है और लोग परेशान हो जाते हैं। लगातार प्रबंधन के पास जाना पड़ता है। इसी तरह साफ-सफाई के काम को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ जाता है। मेंटेनेंस के काम पर प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि काम खत्म होने के पहले ही टेंडर बुलाया जाएगा। एसईकेएमसी के प्रमोद बनर्जी, सुब्रत दास, सनीत शुक्ला, रामफल साहू, किशोर सिन्हा सहित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि मानिकपुर कालोनी में कई कार्य लंबित हैं। उन सभी कार्यों को पूरा किया जाए।

## विस्थापितों से कई बिन्दुओं पर चर्चा, मुआवजा पर वार्ता विफल

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपिका खदान के विस्तार के लिए हरदीबाजार क्षेत्र की जमीन को अर्जित करने के मामले में आयोजित की गई बैठक बेनतीजा रहीं। यहां प्रशासन और एसईसीएल के अधिकारियों के साथ स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसमें जो नतीजे संभावित माने जा रहे थे, वैसा कुछ हुआ नहीं।पिछले दिनों मैं यहां की सरकारी जमीन का सर्वे प्रशासन की टीम के द्वारा लोगों के भारी विरोध के बावजूद कर लिया गया।

वहीं लोगों ने अपने निजी कृषि योग्य और गैर कृषि योग्य जमीन को देने से साफ मना कर दिया है। इसी मसले को लेकर तहसील कार्यालय में त्रिपक्षीय बैठक रखी गई थी। खबर के अनुसार 7 से अधिक बिन्दु बैठक के लिए शामिल किए गए थे।उक्तानुसार बसाहट और रोजगार के अलावा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जो चर्चा हुई वह लगभग सकारात्मक

रही। इस दौरान जमीन अर्जन के एवज में जब मुआवजा का मसला आया तो अधिकारियों ने मौजूदा बाजार रेट को खारिज करते हुए एक एकड़ के लिए केवल 8 लाख रुपए की दर से भुगतान करने की बात कही।यहां से मामला बिगड़ गया और आखिरकार वार्ता बिना किसी नतीजे पर पहुंचे ही विफल हो गई। पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर और स्थानीय सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर ने बताया कि इतना कम मुआवजा न तो कोई लेगा और न ही हमें मंजूर है।इसके पीछे का आधार अधिकारी न तो जानते है और न ही बता पा रहे है। दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए हमनें इसे खारिज किया है।दूसरी ओर एसईसीएल के दीपका सीजीएम संजय मिश्रा के रवैय्ये पर भी लोगों ने नाराजगी दिखाई है।कहा गया कि उनके तानाशाही वाले व्यवहार के कारण स्थिति बिगड़ रही है। इसकी जानकारी आगे तक भेजी जा रही है।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com